माघ शुक्ल - 5 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 200 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 14-02-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित







5 मेरे राजनीतिक जीवन की नई शुरुआत : अशोक चव्हाण

6 राग रंग और उत्सव का पर्व है बसन्त पंचमी

7 निर्देशक नीरज पांडे की अगली फिल्म में अभिनय करेंगी सैयामी खेर







## फर्स्ट टेक

### मोदी, नाहयान ने अबू धाबी में रुपे कार्ड पेश किया

**अबू धाबी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मंगलवार को यहां यूपीआई रुपे कार्ड सेवा शुरू की। राष्ट्रपति नाहयान ने अबू धाबी में सेवा की शुरुआत करते हुए अपने नाम से उभरा हुआ एक कार्ड 'स्वाइप' किया। मोदी ने राष्ट्रपति नाहयान से कहा, हम मेरे यूपीआई रुपे कार्ड और आपके जयवान कार्ड की पेशकश के साथ एक नए फिनटेक युग की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया।

### कर्नाटक सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के पुराने कर्ज नहीं वसूले : कैग

**बेंगलूरु/भाषा।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने कहा है कि कर्नाटक सरकार ने विभिन्न संस्थाओं को दिए गए 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के पुराने कर्जों की वसूली नहीं की है। वित्त लेखा 2022-23 पर आई कैग की रिपोर्ट कहती है कि पुराने कर्जों में से कुछ 1977 से ही लंबित पड़े हुए हैं। इनमें से कई कर्ज राज्य सरकार के ही विभागों एवं उपक्रमों से संबंधित हैं। कैग की यह रिपोर्ट मंगलवार को कर्नाटक विधानसभा में पेश की गई। कैग ने कहा, राज्य सरकार के आठ विभागों से जुड़े 10,389.78 करोड़ रुपये के पुराने ऋणों के संबंध में मूलधन की भी वसूली पिछले कई वर्षों में नहीं हुई है। इनमें वर्ष 1977 से लंबित ऋण भी शामिल हैं।

### यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भारत से निलंबन हटाया

**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व कुश्ती की सर्वोच्च संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारत पर लगाया गया अस्थाई निलंबन हटा दिया है लेकिन साथ ही राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया है कि वह प्रदर्शनकारी पहलवानों बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं करे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के समय पर चुनाव नहीं करा पाने के कारण यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को उसे निलंबित कर दिया था।

# प्रगति में साझेदार हैं भारत, यूएई : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अबू धाबी/भाषा।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 'प्रगति में साझेदार' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते दुनिया के लिए आदर्श हैं और वे 21वीं सदी के तीसरे दशक में नया इतिहास रच रहे हैं। मोदी ने कहा, ''हमारी साझेदारी सभी क्षेत्रों में मजबूत हो रही है और नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। भारत की कामना है कि हमारी साझेदारी हर दिन मजबूत होती रहे।''

प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'मोदी मोदी' के नारों के बीच 'अहलन मोदी' कार्यक्रम में शामिल हुए भारतवंशी लोगों का अभिवादन 'नमस्कार' कहकर किया। उन्होंने कहा कि वह भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में इस स्नेह से अभिभूत हैं। मोदी ने कहा, ''भारत और यूएई प्रगति में साझेदार हैं। हमारे संबंध प्रतिभा, नवाचार और संस्कृति के हैं।'' दोनों देशों के बीच प्राचीन सामुदायिक और सांस्कृतिक संबंधों को रेखांकित करते हुए मोदी ने अरबी में भी कुछ पंक्तियां बोलीं और बाद में उनका अनुवाद करते हुए कहा कि भारत और यूएई दोनों किस तरह 'वक्त की कलम' के साथ 'दुनिया की किताब' में बेहतर भविष्य की पटकथा लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से अनेक अरबी शब्द भारत में आमतौर पर बोले जाते हैं।

मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि भारत को उन पर गर्व है और यह दोनों देशों की दोस्ती की जयकार का समय है।



### द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर

**अबू धाबी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक बातचीत की जिसमें उन्होंने रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की, सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की और उनकी उपस्थिति में एक द्विपक्षीय निवेश संधि समेत कई समझौतों पर दस्तखत हुए।

### अबू धाबी में मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए राष्ट्रपति का आभार जताया

**अबू धाबी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी में एक हिंदू मंदिर के निर्माण के लिए जमीन देने में सहयोग के लिए संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का मंगलवार को शुक्रिया अदा किया और कहा कि यह भारत के प्रति उनकी आत्मीयता को दर्शाता है। मोदी बुधवार को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर का उद्घाटन करेंगे, जो अबू धाबी में पत्थरों से बना पहला हिंदू मंदिर होगा।

## कर्नाटक विधानसभा में साइनबोर्ड में 60 फीसदी कन्नड़ भाषा के इस्तेमाल को अनिवार्य करने वाला विधेयक पेश

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक विधानसभा में मंगलवार को व्यवसायों और प्रतिष्ठानों के साइनबोर्ड में 60 प्रतिशत कन्नड़ भाषा का उपयोग अनिवार्य करने वाला एक विधेयक मंगलवार को पेश किया गया। कन्नड़ भाषा व्यापक विकास (संशोधन) विधेयक, 2024 से 2022 के अधिनियम में संशोधन होगा। संशोधन में यह प्रावधान है कि वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं व्यावसायिक उपक्रमों, न्यासों, परामर्श केंद्रों, अस्पतालों, प्रयोगशालाओं, मनोरंजन केंद्रों तथा होटलों और सरकार या स्थानीय अधिकारियों से मंजूरी प्राप्त प्रतिष्ठान के साइनबोर्डों में 60 फीसदी कन्नड़ भाषा का इस्तेमाल होगा।

## सोनिया गांधी राजस्थान से होंगी राज्यसभा उम्मीदवार

**नई दिल्ली/जयपुर/भाषा।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से पार्टी की उम्मीदवार होंगी और वह बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पार्टी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सोनिया गांधी बुधवार को जयपुर में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रह सकते हैं। कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के लिए बहुत जल्द अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी।



## प्रधानमंत्री ने की हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली वाली 'पीएम सूर्य घर' योजना की घोषणा

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए मंगलवार को 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' की घोषणा की। उन्होंने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, सतत विकास और लोगों की भलाई के लिए, हम पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 75,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश वाली इस परियोजना का लक्ष्य हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को रोशन करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के बैंक खातों में सीधे दी जाने वाली पर्याप्त सब्सिडी से लेकर भारी रियायती बैंक ऋण तक, केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों पर लागत का कोई बोझ न पड़े। उन्होंने कहा, सभी हितधारकों को एक राष्ट्रीय ऑनलाइन पोर्टल के साथ समेकित किया जाएगा जो और भी सहूलियतों को बढ़ाएगा। मोदी ने कहा कि जमीनी स्तर पर इस योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में रूफटॉप सौर प्रणालियों (छतों पर सौर ऊर्जा) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



# किसानों और पुलिस में हरियाणा के जींद के पास टकराव, एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब से दिल्ली कूच कर रहे किसानों और पुलिस के बीच मंगलवार को हरियाणा के जींद के निकट टकराव हुआ, जिसमें एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गये। कई किसानों को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हरियाणा के जींद में दातासिंह वाले बॉर्डर पर किसानों को रोकने के प्रयासों के तहत पुलिस ने लाठीचार्ज किया और इससे किसान भड़क गए और उन्होंने भी अर्धसैनिक बलों को निशाना बनाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसानों से टकराव में हरियाणा पुलिस के एक निरीक्षक समेत एक दर्जन जवान घायल हो गए। घायलों में अर्धसैनिक बल के दो जवान भी शामिल हैं। इस हमले में कुछ किसानों को भी चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि घायल पुलिसकर्मियों को नरवाना के सरकारी अस्पताल तथा किसानों को खनौरी अस्पताल ले जाया गया है। वहीं, पुलिस ने किसानों को जींद जिले में खनौरी बॉर्डर से हरियाणा में प्रवेश करने से रोका। इस दौरान यहां पर भी किसानों का आंसू गैस और पानी की बौछारों से सामना हुआ।

किसानों को हरियाणा के अंबाला में शंभू बॉर्डर पर भी इसी तरह की पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा।



## बातचीत में फिर शामिल हों किसान : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को प्रदर्शनकारी किसानों से कहा कि हिंसा और तोड़फोड़ समस्याओं का समाधान नहीं है तथा वे अपनी मांगों को लेकर सरकार के साथ फिर से बातचीत में शामिल हों। ठाकुर ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार ने किसान संगठनों की कुछ मांगें मान ली हैं, लेकिन भारत के विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से बाहर निकलने और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को रद्द करने जैसे मुद्दों पर व्यापक परामर्श की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, यदि आप मांग करते हैं कि भारत डब्ल्यूटीओ से बाहर निकले, एफटीए रद्द किया जाए, स्मार्ट मीटर को खारिज किया जाए और किसानों को बिजली अधिनियम से छूट दी जाए।



| 14-02-2024 सूर्यास्त | 15-02-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:25 बजे | 6:42 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,555.19 | 21,743.25 |
| (+482.70) | (+127.20) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,487 रु. | 72,342 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### बाग में वसंत

पतझर आया वृक्षों पर यूं,
दिख रहे बाग में सब नंगे।
लग रहे ठूंठ से श्री विहीन,
कालिख तन के ऊपर रंगे।
ये सिर्फ समय का चक्र मात्र,
नासमझ बहारों के पंगे।
आ रही हवाएं वासंती,
हालात बनेंगे फिर चंगे।।



# आधुनिक विकास को अपनाने की आवश्यकता : राष्ट्रपति मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वलसाड/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि यदि हम अपने मूल स्वभाव की ओर जाएं, तो आज विश्व में व्याप्त अनेक समस्याओं के समाधान प्राप्त किया जा सकता है और आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलते हुए आधुनिक विकास को अपनाया जाना चाहिए।

गुजरात के वलसाड जिले में जैन धर्म से जुड़े आध्यात्मिक केंद्र श्रीमद राजचंद्र मिशन धरमपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि आज ज्यादातर लोग भौतिक सुख और संपत्ति पाने की ऐसी दौड़ में लगे हैं जिसका कोई सुखद अंत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, वे भूल गए हैं कि उन्हें जीवन में वास्तव में क्या चाहिए। हम अपनी आध्यात्मिक संपदा को धीरे-धीरे विस्मृत करते जा रहे हैं। हमें स्मरण रखना चाहिए कि धनोपार्जन के साथ-साथ मानसिक शांति, समभाव, संयम और सदाचार भी अत्यन्त आवश्यक है।

राष्ट्रपति ने कहा, यदि हम अपने मूल स्वभाव की ओर जाएं, तो आज विश्व में व्याप्त अनेक समस्याओं के समाधान प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन, इसका यह तात्पर्य नहीं है कि हम आधुनिक विकास को त्याग दें। इसका अर्थ है कि हम आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलते हुए आधुनिक विकास को अपनाएं।

# बिलावल के दौड़ से हटने के बाद नवाज शरीफ के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने की संभावना मजबूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी के प्रधानमंत्री पद की दौड़ से पीछे हटने के साथ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के प्रमुख नवाज शरीफ के चौथी बार देश के प्रधानमंत्री बनने की संभावना मजबूत हो गई है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों के संसद में सबसे अधिक सीटें जीतकर आश्चर्यचकित करने के बावजूद, आम चुनाव के पांच दिन बाद पाकिस्तान की अगली सरकार कैसी होगी, इस पर सवाल मंडरा रहे हैं।

तीन प्रमुख दलों-पीएमएल-एन, पीपीपी या पीटीआई में से किसी ने भी आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल करने के लिए आवश्यक सीटें नहीं जीती हैं। इसलिए, अपने दम पर सरकार बनाने में वे असमर्थ होंगे।

बिलावल ने अपनी अध्यक्षता में हुई पीपीपी की उच्चाधिकार प्राप्त केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए जनादेश प्राप्त करने में विफल रही। बिलावल (35) ने कहा, ''इस वजह से मैं खुद को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की दौड़ के लिए आगे नहीं रखूंगा।''

इससे पहले, पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर पुष्टि की कि पीएमएल(एन) के प्रमुख नवाज शरीफ (74) चौथी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

शहबाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मैंने कहा था कि नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, और मैं आज भी इस बात पर कायम हूं कि वह चौथी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।''



## जेल में बंद इमरान खान ने 'फर्जीवाड़े' से सरकार बनाने के 'दुस्साहस' के खिलाफ चेतावनी दी

**इस्लामाबाद/भाषा।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को फर्जीवाड़े से सरकार बनाने के दुस्साहस के खिलाफ चेतावनी दी। चुनाव में खंडित जनादेश के बाद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन पार्टी सत्ता में आती दिख रही है।

आठ फरवरी के चुनाव में उनकी पार्टी की जीत को विफल करने के विपक्षी दलों के प्रयासों के परोक्ष संदर्भ में, खान ने यह भी कहा, पीटीआई कभी समझौता नहीं करेगी। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने संसद में सबसे अधिक सीट जीतकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया है। चुनाव परिणाम के पांच दिन बाद भी स्थिति स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान की नई सरकार कैसी होगी। खान ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर जेल से अपने परिवार के माध्यम से पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, मैं चुराए गए मतों के साथ सरकार बनाने के दुस्साहस के खिलाफ चेतावनी देता हूं। दिनदहाड़े इस तरह की डकैती न केवल लोगों का अपमान होगी, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को और भी नीचे की ओर धकेल देगी।

# किसानों को रोकने के लिए किए गए उपायों के कारण दिल्ली-एनसीआर में वाहन चालकों को हुई परेशानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सिंघू, टीकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर किए गए उपायों के कारण मंगलवार सुबह दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वाहन चालकों को भारी जाम का सामना करना पड़ा। बॉर्डर पर यातायात धीमी गति से चला क्योंकि पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में किसानों के मार्च के मद्देनजर सिंघू, टीकरी और गाजीपुर सीमाओं पर कई स्तर पर बैरिकेड लगाए थे। यात्रियों को यातायात जाम से जूझना पड़ा और किसानों के प्रवेश को रोकने के लिए दिल्ली को किले में तब्दील कर दिया गया।

किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर पुलिस ने शहर के सीमा बिंदुओं पर कई चरणों में बैरिकेड लगाने के अलावा कंक्रीट ब्लॉक, लोहे की कीलें और कंटेनर की दीवारें बना सुरक्षा बढ़ा दी है।

सुबह सात बजे से ही गाजीपुर, सिंघु और टीकरी बॉर्डर पर वाहन बेहद धीमी गति से चलते नजर आए। दोपहर के बाद सिंघू और टीकरी बॉर्डर पर आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई।

गाजीपुर बॉर्डर पर घंटों से फंसे उत्तराखंड निवासी अरुण सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि वह दिल्ली के लोक नायक अस्पताल में अपने बीमार पिता से मिलने जा रहे थे। उन्होंने कहा, मैं अपने 78 वर्षीय पिता से मिलने के लिए उत्तराखंड से आया हूं... मैं और मेरा परिवार सुबह 11 बजे से यहां फंसे हुए हैं। यह हमारे लिए बेहद निराशाजनक स्थिति है और हम क्रोधित और असहाय महसूस कर रहे हैं।

सिंह की तरह सैकड़ों यात्री गाजीपुर बॉर्डर पर जाम से जूझे।

कम से कम एक घंटे तक जाम में फंसी रहीं जूली लॉरेंस ने कहा, मुझे आज होने वाले किसानों के मार्च के बारे में पता था और मैं गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित अपने घर से एक घंटे पहले कार्यालय के लिए निकली थी। यातायात की स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि जल्दी निकलने के बावजूद, मैं मध्य दिल्ली में अपने कार्यालय में कुछ घंटे देरी से पहुंच सकूंगी। यह देखते हुए कि कामकाजी घंटों के दौरान हर दिन दिल्ली और गुड़गांव के बीच दो लाख से अधिक लोग यात्रा करते हैं, एक यातायात पुलिस अधिकारी ने लोगों को मेट्रो सेवाओं का उपयोग करने की सलाह दी।

गाजीपुर बॉर्डर पर नोएडा और दिल्ली को जोड़ने वाले प्रमुख हिस्से के आधे भाग पर बैरिकेड लगे होने के कारण एक समय में केवल दो वाहन ही गुजर पा रहे थे।

गाजीपुर बॉर्डर के पास पुलिस ने लिंक सड़कों को बंद कर दिया था और वाहन एक कतार में चल रहे थे।

एक अन्य यात्री कृतिका शर्मा ने कहा कि वह सुबह छह बजे अपने दफ्तर के लिए निकली थीं लेकिन 9 बजे तक भी जाम में फंसी रहीं। सिंघू और टीकरी बॉर्डर पर भी वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## किसानों के प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो के नौ स्टेशन पर गेट बंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** किसानों के दिल्ली की ओर प्रस्तावित कूच के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो के नौ स्टेशन पर एक या उससे अधिक प्रवेश व निकासी गेट मंगलवार को बंद कर दिए गए।

हालांकि ये स्टेशन बंद नहीं हैं और यात्रियों को अन्य गेट के जरिए प्रवेश और निकासी की अनुमति दी गई है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस प्राधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए गेट बंद कर दिए गए हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कई स्टेशन - राजीव चौक, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, पटेल चौक, उद्योग भवन, जनपथ, बाराखंभा रोड, लोक कल्याण मार्ग और खान मार्केट पर कुछ गेट बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि खान मार्केट मेट्रो स्टेशन पर भी मंगलवार को एक गेट बंद कर दिया गया है। केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर दोपहर करीब एक बजे एक कर्मचारी ने बताया कि गेट संख्या एक, दो और पांच को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया है जबकि गेट संख्या तीन और चार पर आवाजाही जारी है। दिल्ली मेट्रो ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी पोस्ट किया जिसमें यात्रियों को सूचित किया गया कि सुरक्षा निर्देशों के अनुसार कुछ गेट बंद किए जा सकते हैं।

किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सिंघु, टिकरी और गाजीपुर सीमाओं को बंद करने के लिए कई चरणों में अवरोधक लगाने के अलावा पुलिस और अर्द्धसैन्य बलों की भारी तैनाती की गई है।

## पेटीएम का शेयर 10% लुढ़का

**नई दिल्ली/भाषा।** पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में मंगलवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई और यह निचले 'सर्किट' पर पहुंच गया। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ रिजर्व बैंक की कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार करने के बाद पहली बार वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर दोनों प्रमुख शेयर बाजारों में 400 रुपए की सीमा से नीचे गिर गए। एनएसई और बीएसई पर शेयर क्रमशः 10 प्रतिशत गिरकर निचले 'सर्किट' 380 रुपए और 380.35 रुपए पर बंद हुआ। यह पिछले 52 सप्ताह का निम्न स्तर है। दिन में एनएसई पर कंपनी के 1.14 करोड़ शेयर और बीएसई पर 15.92 लाख शेयर का कारोबार हुआ। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ की गई कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार किया था। उन्होंने कहा था कि यह निर्णय पीपीबीएल के कामकाज के व्यापक मूल्यांकन और ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखकर लिया गया है। आरबीआई ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था।

## अडाणी-हिंडनबर्ग विवादः न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर, तीन जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर तीन जनवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है, जिसमें उसने अडाणी समूह द्वारा शेयर मूल्यों में हेराफेरी के आरोपों की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने सीबीआई या एसआईटी जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया था और अपने फैसले में कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आरोपों की 'व्यापक जांच' कर रहा है और उसका तरीका 'विश्वास को प्रेरित करने वाला है'। याचिका में दावा किया गया है कि फैसले में ''गलतियां और त्रुटियां'' थीं और याचिकाकर्ता के वकील को प्राप्त कुछ नए तथ्यों की पृष्ठभूमि में फैसले पर पुनर्विचार के लिए पर्याप्त कारण हैं। पुनर्विचार याचिका अनामिका जायसवाल द्वारा दायर की गई है, जो मामले की याचिकाकर्ताओं में से एक थीं।

## विमान परिचारिका और उसके परिवार की हत्या के मामले में आरोपपत्र दाखिल

**मंगलूरु।** कर्नाटक में उडुप्पी पुलिस ने एक विमान परिचारिका (एयरहोस्टेस) और उसके परिवार के तीन सदस्यों की पिछले वर्ष हुई हत्या के सनसनीखेज मामले में सोमवार को यहां न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच पूरी हो चुकी है और 90 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर आरोप पत्र दायर किया गया है। यह मामला पिछले वर्ष 12 नवंबर को उडुपी के नेजारू में एक परिवार के चार सदस्यों की उनके घर के अंदर चाकू मारकर हत्या किए जाने से संबंधित है। मामले का एकमात्र आरोपी प्रवीण अरुण चौगुले है। आरोप पत्र के अनुसार, चौगुले एक निजी विमान कंपनी के चालक दल के सदस्य के रूप में कार्यरत था। उसने एक प्रशिक्षु विमान परिचारिका अयनाज मोहम्मद (21) को सबसे पहले चाकू मारा। वह पहले उसके साथ काम करती थी। हमलावर ने परिचारिका की मां हसीना (47), बड़ी बहन अफनान (23) और भाई असीम (14) की भी चाकू से गोद कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने हसीना की सास हकीरा पर भी हमला किया था लेकिन वह खुद को शौचालय में बंद करने के कारण बच गईं। पुलिस ने आरोप पत्र में बताया कि आरोपी और अयनाज के संबंधों में समस्याएं पैदा हो गई थीं। चौगुले को अपराध के दो दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया था और तब से वह न्यायिक हिरासत में है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
PURVA BLUE BELLE
Adjacent to Magadi Road Metro Station
(Purple lane) Rajajinagar
3 Bedroom Jodi units
5 Bedroom + Servant room with all
Luxurious Amenities.
Direct metro from here to ITPL (white field) /
KR PURAM/ BYYAPPANAHALLI .
Very good Convenience
those who are working above areas.
Only few units left for Sale.
Contact Owner: 9844027560

## इंदौर में 40 वर्षीय महिला ने भीख मांगकर 45 दिन में कमाए 2.5 लाख, विवाद के बाद गिरफ्तार

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** इंदौर में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) का दावा है कि 40 वर्षीय महिला ने महज 45 दिन में भीख मांगकर ढाई लाख रुपए कमाए हैं और वह अपनी आठ वर्षीय बेटी समेत तीन नाबालिग संतानों को भी भिक्षावृत्ति में धकेल चुकी है।

प्रशासन के साथ मिलकर इंदौर को भिक्षुकमुक्त शहर बनाने की दिशा में काम करने वाले संगठन ''प्रवेश'' की अध्यक्ष रूपाली जैन ने बताया, हमने इंदौर-उज्जैन रोड के लव-कुश चौराहे पर इंद्रा बाई (40) को हाल में भीख मांगते पकड़ा। हमें उसके पास से 19,200 रुपए की नकदी मिली। जैन के मुताबिक, इंद्रा ने उन्हें बताया कि उसने पिछले 45 दिन में भीख मांगकर ढाई लाख रुपए कमाए जिनमें से एक लाख रुपए उसने अपने सास-ससुर को भेज दिए, 50,000 रुपए बैंक खाते में जमा किए और 50,000 रुपए सावधि जमा योजना (एफडी) में निवेश किए। उन्होंने दावा किया कि इंदौर में पेशेवर तौर पर भीख मांगने वाले 150 लोगों के समूह में शामिल महिला के परिवार की राजस्थान में जमीन और दो मंजिला मकान भी है। जैन ने कहा, ''इंद्रा के नाम से उसके पति ने मोटरसाइकिल खरीदी है। भीख मांगने के बाद वह और पति इसी मोटरसाइकिल पर बैठकर शहर में घूमते हैं। गैर सरकारी संगठन की प्रमुख के मुताबिक, महिला का कहना है कि महाकाल लोक गलियारा बनने के बाद भिक्षावृत्ति से उसके परिवार की कमाई बढ़ गई है।

## भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए सालाना 7-8% की वृद्धि दर जरूरी : रंगराजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** भारत को 2047 तक 13,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने मंगलवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने यह भी कहा कि असमानता या गरीबी को कम करने के लिए नवाचार एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेज वृद्धि के अलावा, देश को नकदी और न्यूनतम आय जैसी सब्सिडी के रूप में सामाजिक सुरक्षा जाल की भी जरूरत हो सकती है। रंगराजन ने पीटीआई-भाषा से कहा, मेरे हिसाब से 7-8 प्रतिशत के बीच की वास्तविक वृद्धि इसे विकसित अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएगी। विकसित अर्थव्यवस्था की परिभाषा के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। भारत की प्रति व्यक्ति आय इस वक्त 2700 अमेरिकी डॉलर है। इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर पांच गुनी करनी होगी। उन्होंने कहा कि अगर विनिमय दर को निचले स्तर पर रखा जाए या कीमतें बढ़े तो आय में वृद्धि होगी और भारत एक विकसित राष्ट्र बन सकता है। रंगराजन ने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था की डॉलर के मूल्य में गणना वास्तविक वृद्धि, मुद्रास्फीति के स्तर और विनिमय दर पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक रघुनाथ अनंत माशेलकर ने आज आईसीएफएआई के 13वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान दिया।



## साल 2024 के अंत तक उत्तराखंड की सड़कें अमेरिका जैसी हो जाएंगी : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र उत्तराखंड में सड़क बुनियादी ढांचे पर दो लाख करोड़ रुपए खर्च करने जा रहा है और 2024 के अंत तक इसकी सड़कें अमेरिका की सड़कों जैसी हो जाएंगी। गडकरी टनकपुर में 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखे जाने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, वर्तमान में उत्तराखंड में सड़क बुनियादी ढांचे पर 1.40 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिसमें जल्द ही 60 हजार करोड़ रुपए जोड़े जाएंगे, जिससे कुल खर्च दो लाख करोड़ रुपए हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में मैं घोषणा करना चाहता हूं कि 2024 के अंत तक, उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगे। वे अमेरिका के समान होंगे।

गडकरी ने कहा कि 2014 में उत्तराखंड में 2,517 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग थे, जो अब बढ़कर 3,608 किमी हो गए हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जिन परियोजनाओं की आधारशिला मंगलवार को टनकपुर में रखी गई, उनका लंबे समय से इंतजार था। इसे संभव बनाने में सक्रिय भूमिका के लिए उन्होंने गडकरी को धन्यवाद दिया। धामी ने कहा, उत्तराखंड के विकास के लिए वह हर तरह की मदद देने के लिए हमेशा तैयार हैं। हम जो चाहते हैं, वह हमें मांगने से पहले ही मिल जाता है। ये परियोजनाएं मानसखंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी।

## जेईई-मेन : परीक्षा के पहले संस्करण में 23 उम्मीदवारों ने 100 अंक हासिल किए

**नई दिल्ली/भाषा।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में 23 उम्मीदवारों ने पूरे 100 अंक हासिल किए हैं जिनमें से अधिकतम प्रतिभागी तेलंगाना से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 11.70 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। जिन प्रतिभागियों ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किए उनमें से सात तेलंगाना से, दो हरियाणा से, तीन-तीन आंध्र प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र से, दो दिल्ली से और एक-एक गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु से हैं।

एनटीए अधिकारियों के अनुसार, एनटीए स्कोर सामान्य तरीके से प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं होते हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, एनटीए स्कोर समूचे बहु-सत्रीय प्रश्नपत्रों में सामान्य अंक होते हैं और यह एक सत्र में परीक्षा में शामिल हुए सभी लोगों के सापेक्ष प्रदर्शन पर आधारित होते हैं। प्राप्त अंकों को प्रत्येक सत्र के परीक्षार्थियों के लिए 100 से शून्य तक के पैमाने में बदल दिया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, जमीनी स्तर पर परीक्षा के सुचारू संचालन की निगरानी और सुविधा के लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। अधिकारी ने कहा, दो राष्ट्रीय समन्वयक, 18 क्षेत्रीय समन्वयक, 303 शहर समन्वयक, 1,083 पर्यवेक्षक, 150 तकनीकी पर्यवेक्षक और 162 उप पर्यवेक्षक तैनात किए गए थे।




## टाटा मोटर्स ने बैटरी की लागत कम होने से ईवी की कीमतों में की कटौती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वाहन शाखा ने बैटरी की लागत में कमी के बाद दो मॉडल नेक्सॉन.ईवी और टियागो.ईवी की कीमतों में 1.2 लाख रुपए तक की कटौती की है। कंपनी के अनुसार, नेक्सॉन.ईवी की कीमत में 1.2 लाख रुपए तक की कटौती की गई है और अब इसकी कीमत 14.49 लाख रुपए से शुरू होती है। टियागो.ईवी की कीमतों में 70,000 रुपए तक की कटौती की है। इसके बेस मॉडल की कीमत अब 7.99 लाख रुपए से शुरू होती है।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवत्स ने कहा, बैटरी की लागत ईवी की कुल लागत का एक बड़ा हिस्सा है। उन्होंने कहा, हाल ही में बैटरी सेल की कीमतों में नरमी आई है और निकट भविष्य इसमें और कमी आने की संभावना है। इसलिए हमने इससे होने वाले फायदे को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का विकल्प चुना है।

कंपनी ने कहा कि 2023 में यात्री वाहन (पीवी) उद्योग में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि केवल ईवी खंड में 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई।

## सरकार ने दो साल में शेरों के संरक्षण पर 277 करोड़ रु. खर्चे

**गांधीनगर/भाषा।** गुजरात सरकार ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में बताया कि गिर और ग्रेटर गिर क्षेत्रों में शेरों के संरक्षण पर पिछले दो साल में 277 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए गए। वन और पर्यावरण राज्य मंत्री मुकेश पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने जूनागढ़ में 'प्रोजेक्ट लॉयन' के तहत राष्ट्रीय वन्यजीव रोग निदान और रेफरल केंद्र खोलने की मंजूरी दे दी है। शेरों के संरक्षण के लिए 2020 में यह परियोजना शुरू की गई थी। पटेल ने बताया कि राज्य सरकार ने 2022 और 2023 में शेरों के संरक्षण पर 277.93 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की वृद्धि में स्टार्टअप की भूमिका अहम : पारस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को कहा कि इस क्षेत्र के विकास में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका है और सरकार महत्वाकांक्षी उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पारस ने यहां स्टार्टअप पर केंद्रित एक कार्यक्रम 'सुफलम' का उद्घाटन करते हुए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े मुद्दों की चर्चा की। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका को बताया।

पारस ने कहा कि सुफलम जैसे आयोजनों से संपर्क बढ़ाने और जानकारी साझा करने में मदद मिलती है। इसके अलावा स्टार्टअप विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में सक्षम बन पाते हैं।

उन्होंने कहा, यह पहल उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्टार्टअप के लिए एक सक्षम परिवेश बनाने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में खड़ी है जिससे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में इच्छुक उद्यमियों को सशक्त बनाया जा सके।

इस अवसर पर खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने आपूर्ति शृंखला और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से संबंधित प्रमुख पहलुओं के बारे में बात की। उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने और बढ़े हुए निर्यात, नवाचार और वैश्विक खाद्य मांगों को पूरा करने में भारत को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से स्थापित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने पर जोर दिया। खाद्य प्रसंस्करण सचिव अनीता प्रवीण ने स्टार्टअप इंडिया पोर्टल पर सभी सूक्ष्म उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और एमएसएमई को पंजीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

## भारत उच्चतम संभावित वृद्धि दर वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था : नोबल सम्मानित अर्थशास्त्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नोएडा/भाषा।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री ए माइकल स्पेंस ने भारत को उच्चतम संभावित वृद्धि दर वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा है कि इसने दुनिया में अब तक की सबसे अच्छी डिजिटल अर्थव्यवस्था और वित्त संरचना का निर्माण किया है।

वर्ष 2001 में अर्थशास्त्र के लिए नोबल पुरस्कार से सम्मानित स्पेंस ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा में स्थित बेनेट यूनिवर्सिटी में छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत अभी उच्चतम संभावित वृद्धि दर वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। भारत ने दुनिया में अब तक की सबसे अच्छी डिजिटल अर्थव्यवस्था और वित्त संरचना को सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह खुला एवं प्रतिस्पर्धी है और विशाल क्षेत्र में समावेशी किस्म की सेवाएं प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, स्पेंस ने यह भी कहा कि दुनिया इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था के शासन क्रम में एक तरह का बदलाव महसूस कर रही है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास का जिक्र करते हुए स्पेंस ने कहा कि 70 साल पुरानी वैश्विक प्रणाली महामारी, भू-राजनीतिक तनाव और जलवायु झटके से खंडित हो रही है। उन्होंने कहा कि दक्षता और तुलनात्मक लाभ के विचारों पर केंद्रित वैश्विक आपूर्ति शृंखला जैसे आर्थिक मानदंडों पर बनी वैश्विक प्रणाली तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा, झटकों को लेकर संवेदनशील दुनिया में एक ही स्रोत रखने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरुत्वाकर्षण का केंद्र पूर्वी दुनिया की तरफ खिसकने के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक बुनियादी बदलाव आ रहा है। इससे आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता आ रही है और वैश्विक शासन पहले से अधिक जटिल होता जा रहा है। जाने-माने अर्थशास्त्री ने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय के बावजूद मानव कल्याण बढ़ाने के लिए जवाबी कदम होने से आशावाद पनपता है। उन्होंने 'जनरेटिव एआई, जैव-चिकित्सकीय जीवन विज्ञान में क्रांति और बड़े पैमाने पर ऊर्जा परिवर्तन जैसे बदलावों का भी उल्लेख किया।

# सिंचाई और जल परियोजनाओं को पहली प्राथमिकता : उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि सरकार अन्य कार्यों की तुलना में सिंचाई और जल प्रबंधन परियोजनाओं को प्राथमिकता देगी। विधानसभा में सिंचाई और बेंगलूरु शहर के विकास पर सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, पहली प्राथमिकता सिंचाई परियोजनाओं का विकास और टैंकों को भरना है। सड़क जैसे अन्य कार्य बाद में किए जाएंगे। हम पहले ही मुख्यमंत्री के साथ इस पर चर्चा कर चुके हैं।

यागाची बांध कार्यों पर सकलेशपुर विधायक सीमेंट मंजू के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, अधिकारी पहले ही नहरों के विकास पर एक रिपोर्ट दे चुके हैं। नहर के 5.5 किमी हिस्से में निर्माण कार्य प्रगति पर है और शेष 1.5 किमी हिस्से पर काम भूमि अधिग्रहण के मुद्दों के कारण रुका हुआ है। यागाची बांध पर सरकार की ओर से उचित ध्यान दिया जाएगा।

चिक्कनायकनहल्ली विधायक सुरेश बाबू द्वारा अपर भद्रा परियोजना की धीमी प्रगति पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, परियोजना के लिए 856 करोड़ रुपये के कार्यों के लिए सभी आवश्यक मंजूरी दी गई है। रास्ते में भूमि अधिग्रहण के कई मुद्दे हैं और हम उन्हें सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। कोविड के दौरान काम धीमा हो गया था। परियोजना की समग्र प्रगति में देरी हो रही है क्योंकि केंद्र ने अभी तक पिछले केंद्रीय बजट में वादा किए गए 5,300 करोड़ रुपये जारी नहीं किए हैं।

येतिनाहोले परियोजना की धीमी प्रगति पर बेलूर विधायक एच के सुरेश के एक सवाल का जवाब देते हुए, शिवकुमार ने कहा, राणाघट्टा के पास 5.24 किमी सुरंग में से 2.4 किमी का काम पूरा हो चुका है। हासन और तुमकुरु क्षेत्र में 402 एकड़ वन भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। मडागा मसूर के बाएं किनारे और दाएं किनारे की नहरों के विकास पर विधायक यूबी बानाकर के एक सवाल पर उन्होंने कहा, 25 करोड़ के मदागा मसूर टैंक विकास की घोषणा 2019 में की गई थी। सरकार के सामने बाएं और दाएं किनारे की नहरों के आधुनिकीकरण का एक प्रस्ताव है। दाहिनी तट नहरें परियोजना के तहत 60 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जाएगी।

अरसीकेरे के विधायक शिवालिंगे गौड़ा ने एक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के मुद्दे को हल करने के लिए उपमुख्यमंत्री की प्रशंसा की। भूमि अधिग्रहण का 200 मीटर का हिस्सा लंबित था और उपमुख्यमंत्री ने उनसे बात करके इसे हल कर लिया। उन्होंने उन सभी लोगों को जवाब दिया है जिन्होंने कहा था कि परियोजना फर्जी थी।

## झुग्गीवासियों के लिए 10,000 लीटर कावेरी जल

जयनगर विधायक सीके राममूर्ति के एक सवाल का जवाब देते हुए कि जयनगर में 13 झुग्गियों को कावेरी का पानी नहीं मिला है, उन्होंने कहा, बीडब्ल्यूएसएसबी ने 2017 से झुग्गीवासियों को 10,000 लीटर कावेरी पानी उपलब्ध कराया है। एससी/एसटी कॉलोनियों में 32,010 परिवार रहते हैं और जयनगर निर्वाचन क्षेत्र के 5,515 परिवारों को 10,000 लीटर पानी मिलता है। कर्नाटक स्लम विकास बोर्ड ने रागी गुड्डा में 250 फ्लैट, राजेश्वरी और शाखंभरीनगर झुग्गियों में 400 फ्लैट विकसित और आवंटित किए हैं। अब तक कुल 2,900 झुग्गियां दी जा चुकी हैं। एक अतिरिक्त प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा, निर्वाचन क्षेत्र को 5 करोड़ रुपये का आवंटन दिया जाएगा और इसका उपयोग जल आपूर्ति के लिए किया जा सकता है। वर्ष 2013 के बाद से पानी के टैरिफ में कोई वृद्धि नहीं हुई है। बाकी सभी चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं, जबकि कुछ कारणों से पानी की दरें समान बनी हुई हैं। यदि कर्नाटक स्लम बोर्ड बीडब्लूएसएसबी को कुछ जल शुल्क का भुगतान करता है, तो आने वाले दिनों में बिना किसी समस्या के पानी की आपूर्ति की जाएगी।

## बेंगलूरु को पीने का पानी

बेंगलूरु की जनसंख्या प्रति वर्ष 10 लाख बढ़ रही है। बेंगलूरु के लिए 6.5 टीएमसी अतिरिक्त पानी निर्धारित करने पर विचार किया जा रहा है। बेंगलूरु में पानी की कमी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और बेंगलूरुवासियों को पानी की आपूर्ति करना हमारी जिम्मेदारी है।

## मेकेदातु परियोजना



विधायक अरविंद बेलाड ने पूछा कि जब निजी टैंकरों से पर्याप्त पानी मिल रहा है तो सरकार को पानी क्यों नहीं मिल सकता। शिवकुमार ने कहा, टैंकर कावेरी जल उपलब्ध नहीं कराते हैं। अपने साथी विधायक आर अशोक और सुरेश कुमार से पूछें कि टैंकरों को पानी कहां से मिलता है। बेंगलूरु का लगभग 25 प्रतिशत पानी बोरवेल के माध्यम से आपूर्ति किया जा रहा है। मेकेदातु परियोजना ही इसका एकमात्र समाधान है।

# कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक को 'गुंडा राज्य' बना दिया : भाजपा का आरोप



बेंगलूरु। कर्नाटक विधानसभा में मंगलवार को कानून-व्यवस्था की स्थिति के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और विपक्षी भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रदेश 'गुंडा राज्य' में बदल गया है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने अपने और कुछ अन्य सदस्यों के कार्यस्थगन प्रस्तावों के संदर्भ में मांग की कि पहले कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस सदस्यों और प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने सरकार के खिलाफ भाजपा के आरोपों पर कड़ा ऐतराज जताया और गहमा गहमी की स्थिति बन गई।

अशोक ने कहा, ''बेलगावी में महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने, हावेरी सामूहिक बलात्कार, साइबर अपराध और आतंक संबंधी गतिविधियों जैसी हाल की घटनाओं से कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। हमारे कार्य स्थगन प्रस्ताव के नोटिस को स्वीकार किया जाए और इस पर चर्चा कराई जाए। पिछली बार, बेलगावी सत्र के दौरान भी हमने इस पर कार्य स्थगन नोटिस दिया था, और मामला एजेंडे में सूचीबद्ध था, लेकिन चर्चा के लिए नहीं लिया गया।''

विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर से विपक्ष की मांग को स्वीकार करने का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा, ''मुद्दा महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है और सवाल उठ रहे हैं कि कानून व्यवस्था नाम की चीज है भी या नहीं। कोई नहीं जानता कि सरकार जिंदा है या मर गई। प्रदेश गुंडा राज्य में तब्दील हो गया है।''

गृह मंत्री जी परमेश्वर ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सरकार विपक्ष के मुद्दा उठाने के खिलाफ नहीं है लेकिन प्रश्नकाल के बाद इसे लिया जाना चाहिए।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम Union Bank of India A Government of India Undertaking
सहयोग सेवाएँ विभाग, केन्द्रीय कार्यालय एनेक्स, मंगलादेवी मंदिर मार्ग, पाण्डेश्वर, मंगलूरु 575 001 दूर :-0824- 2861397 / 391 /786

**मंगलूरु में बैंक की संपत्तियों पर बगीचे के रखरखाव के लिए ठेकेदार की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना**

टेंडर संदर्भ सं.: CO/MNG-ANX/SSD/32/2023-24 दिनांक :14.02.2024
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विषयान्तर्गत कार्य के लिए सीलबंद बोलियां आमंत्रित करता है। निविदा एवं पूर्ण विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in और सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर लॉगिन करें। बैंक के केंद्रीय कार्यालय एनेक्स, मंगलूरु को सीलबंद बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 01.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक है।
दिनांक: 14.02.2024 मुख्य प्रबंधक

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय**
9 दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली - 110124
टेलीफोन: 011-23232581 फैक्स: 011-23234014

**बोली आमंत्रण नोटिस**


भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक, नई दिल्ली कार्यालय द्वारा विभागीय परीक्षाओं की आउटसोर्सिंग के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती है। कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित शामिल हैं-
भाग क : परीक्षाओं का संचालन (कम्प्यूटर आधारित टेस्ट)
भाग ख : परीक्षाओं के लिए विषयवस्तु प्रदान करना ।
बहुवैकल्पिक प्रश्न (MCQ)/पठन बोध प्रश्न (RCQ)
नियम एवं शर्तों के साथ कार्य का विस्तृत कार्यक्षेत्र (निविदा आई.डी.: 444/17-Exam/Bid/2023- CAG) भारत सरकार के Government e-Marketplace (GeM) पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।
इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट https://gem.gov.in तथा https://cag.gov.in से विवरण डाउनलोड कर सकते हैं। किसी दस्तावेजी बोली पर विचार नहीं किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मार्च, 2024, 17:30 बजे है।
cbc 51101/11/0014/2324 निदेशक (कार्मिक)

# ईडी ने कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये नकद जब्त किए

बेंगलूरु/नई दिल्ली/दक्षिण भारत । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, धनशोधन का यह मामला कर्नाटक के बेल्लारी में दर्ज एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है और तलाशी 10 फरवरी को ली गई थी।इसमें कहा गया है कि एजेंसी को आपत्तिजनक 'साक्ष्य' मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ ही महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए और इस धन का इस्तेमाल 'गैरकानूनी लेनदेन' के लिए किया।

ईडी द्वारा की गई तलाशी के दौरान बहुत से आपत्तिजनक दस्तावेज, व्यावसायिक रिकॉर्ड और अचल एवं चल संपत्तियों का विवरण प्राप्त हुआ है। ईडी ने कहा कि 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब नकदी' के साथ महत्वपूर्ण सबूत भी बरामद किये गये, जिससे अवैध भुगतान के लिए पर्याप्त मात्रा में नकदी जुटाने में भरत रेड्डी, उनके सहायक रत्ना बाबू और अन्य की संलिप्तता स्थापित हुई।

# रोहन बोपन्ना को 50 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देगी कर्नाटक सरकार



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मंगलवार को रोहन बोपन्ना को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए इस स्टार टेनिस खिलाड़ी के लिए 50 लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। बोपन्ना को यहां सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनका परिवार भी उपस्थित था।

सिद्दरामैया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''रोहन बोपन्ना से मिलकर उन्हें ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई दी और उनके लिए 50 लाख रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा की।'' बोपन्ना ने अपने साथी मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल का खिताब जीता था। वह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले लिएंडर पेस और महेश भूपति ने यह उपलब्धि हासिल की थी। सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह कारनामा किया है।

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय)
जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075

**31 दिसम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम**
(सेबी के परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/डीडीएचएस_डिव1/पी/सीआर/2022/0000000103 दिनांक 29 जुलाई, 2022 के अनुसार)

(रू. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | 31 दिसम्बर, 2023 | 31 दिसम्बर, 2022 | 31 मार्च, 2023 |
| | | अंनकेक्षित | अंनकेक्षित | अंनकेक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय* | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण एवं अथवा विशिष्ट मदों से पूर्व) | (211.11) | (183.66) | (715.95) |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं अथवा विशिष्ट मदों के बाद) | (232.39) | (188.41) | (769.63) |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात् शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं अथवा विशिष्ट मदों के बाद) | (232.39) | (188.41) | (769.63) |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय के बाद (कर पश्चात)** | (232.39) | (188.41) | (769.63) |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (शेयरधारक का कोष)*** | 6,65,980.65 | 4,60,209.70 | 4,95,321.32 |
| 7. | अधिशेष (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित छोड़कर) | – | – | – |
| 8. | प्रतिभूतियॉं प्रीमियम लेखा | – | – | – |
| 9. | नेटवर्थ (6-7) | 6,65,980.65 | 4,60,209.70 | 4,95,321.32 |
| 10. | प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 3,38,875.66 | 3,43,655.25 | 3,43,114.24 |
| 11. | बकाया प्रतिदेय अधिमान्य शेयर्स | – | – | – |
| 12. | ऋण इक्विटी अनुपात**** | 0.50 | 0.75 | 0.69 |
| 13. | प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक रु......../– का) (निरंतरता एवं गैर-निरंतरता प्रचालनों हेतु) 1. बेसिक 2. डाल्यूटेड | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |
| 14. | पूंजी विमोचन संचित कोष | – | – | – |
| 15. | डिबेंचर विमोचन संचित कोष | – | – | – |
| 16. | ऋण सेवा कवरेज अनुपात | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |
| 17. | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | मान्य नहीं | मान्य नहीं | मान्य नहीं |

* प्राधिकरण भारत सरकार की ओर से सम्पति धारण करता है, इसलिए परिचालनों से कोई आय नहीं है।
** प्राधिकरण की लेखा नीति के अनुसार निवल व्ययों को पूंजीकृत किया गया है।
*** शेयरधारक की निधि = पूंजी आधार, उप कर निधि, अतिरिक्त बजटीय समर्थन, इनवीट से प्राप्ति, टोल प्लाजाओं के रखरखाव व्यय तथा रिज़र्व और अधिशेष/लाभ एवं हानि खाते के बकाया ऋण के पश्चात् जमा टोल की वापसी के बाद की कुल राशि।
**** ऋण इक्विटी अनुपात = बकाया ऋण/शेयरधारकों की निधि
क) उपरोक्त एलओडीआर विनियम 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप के सारांश है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानि (www.bseindia.com तथा www.nse.india.com) पर तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का वेबसाइट (www.nhai.gov.in) पर उपलब्ध हैं।
ख) एलओडीआर विनियम 52(4) में संदर्भित अन्य लाइन मदों के लिए प्रासंगिक प्रकटन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में किए गए है और वेबसाइट (www.bseinida.com तथा www.nse.india.com) पर देखें जा सकते हैं।

प्राधिकरण के बोर्ड के लिए एवं की ओर से

दिनांक : 13.02.2024
स्थान : नई दिल्ली
ह/- सदस्य (वित्त)
ह/- अध्यक्ष



सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

# स्कूल ने कथित हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका को बर्खास्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। यहां एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता-पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की।

छात्र के माता-पिता ने सोमवार को मंगलूरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। भाजपा विधायक भरत शेट्टी वाई और वेदव्यास कामथ ने इस मुद्दे को उठाया था और शिक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

शेट्टी ने एक बयान में कहा कि ऐसी घटना पहली बार नहीं हुई है और कुछ स्कूल छात्रों के बीच हिंदू विरोधी भावनाएं फैला रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं से ईसाई प्रबंधन द्वारा संचालित स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला कराने से पहले पुनर्विचार करने का भी आग्रह किया। आरोप है कि शिक्षिका ने छात्रों से कहा था कि महाभारत और ''रामायण काल्पनिक'' हैं और उसने बच्चों में ''हिंदू विरोधी'' भावनाएं पैदा करने की कोशिश की।

स्कूल ने सोमवार देर रात स्कूल के अभिभावकों को संबोधित एक पत्र में कहा कि शिक्षिका को उसके पद से हटाया जा रहा है और उनके स्थान पर एक नए शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी।

**आईटीआई लिमिटेड**
सीआईएन सं: एल32202केए1950जीओआई000640
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: आईटीआई भवन, दूरवाणीनगर, बेंगलूरु - 560016
वेबसाईट : www.itiltd.in; ई-मेल: cosecy_crp@itiltd.co.in
दूरभाष: +91(80) 2561 7486; फैक्स: +91 (80) 2561 7525

**31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की समाप्ति पर समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

लाख रु. में सिवाए प्रति शेयर ऑंकड़े

| क्रम सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | नौ महीने की समाप्ति पर | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1. | प्रचालन से कुल आय | 27,148 | 25,608 | 26,654 | 69,759 | 66,281 | 1,44,799 |
| 2. | कर से पहले की अवधि का निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और अपवादी मद के पहले कर) | (10,169) | (12,580) | (8,740) | (33,009) | (28,721) | (36,010) |
| 3. | कर के पूर्व निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और अपवादी मद के पश्चात कर) | (10,125) | (12,601) | (8,761) | (33,007) | (28,785) | (35,986) |
| 4. | कर के पश्चात की अवधि का निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और अपवादी मद के पश्चात कर) | (10,125) | (12,601) | (8,761) | (33,007) | (28,785) | (35,986) |
| 5. | अवधि के लिए अन्य व्यापक आय/(हानि) | (1,519) | (1,520) | (372) | (4,559) | (1,115) | (6,079) |
| 6. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर के पश्चात्) और अन्य व्यापक आय (कर के पश्चात्) शामिल] | (11,644) | (14,121) | (9,133) | (37,566) | (29,900) | (42,064) |
| 7. | इक्विटी शेयर पूँजी का भुगतान | 96,089 | 96,089 | 94,958 | 96,089 | 94,958 | 94,958 |
| 8. | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियाँ को शामिल किए बिना) जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में दिखाया गया है। | | | | | | |
| 9. | अर्जन प्रति शेयर (10रू./प्रति) (जारी रखने एवं बंद किए गए कार्यों के लिए) | | | | | | |
| | 1. बेसिक (रू. में) | (1.05) | (1.31) | (0.93) | (3.44) | (3.06) | (3.81) |
| | 2. डायल्युटेड (रू. में) | (1.05) | (1.31) | (0.93) | (3.44) | (3.06) | (3.81) |

टिप्पणी :
क) उपर्युक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा 13.02.2024 को समीक्षा की गई और संस्तुति के पश्चात् निदेशक मंडल द्वारा 13.02.2024 को संपन्न बैठक में अनुमोदित किए गए।
ख) स्टैंडअलोन कुंजी की वित्तीय जानकारी :

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | नौ महीने की समाप्ति पर | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| प्रचालन से कुल आय | 27,148 | 25,608 | 26,654 | 69,759 | 66,281 | 1,44,799 |
| कर के पूर्व लाभ | (10,169) | (12,580) | (8,740) | (33,009) | (28,721) | (36,010) |
| कर के पश्चात लाभ | (10,169) | (12,580) | (8,740) | (33,009) | (28,785) | (36,010) |
| अवधि के लिए अन्य व्यापक आय/(हानि) | (1,519) | (1,520) | (372) | (4,559) | (1,115) | (6,079) |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के पश्चात्) और अन्य व्यापक आय (कर के पश्चात्) शामिल | (11,688) | (14,100) | (9,112) | (37,568) | (29,835) | (42,089) |

ग) उपर्युक्त स्टॉक एक्सचेंजों के सम्मुख सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत प्रस्तुत 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की समाप्ति पर वित्तीय परणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की समाप्ति पर वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाईट www.itiltd.in पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते आईटीआई लिमिटेड

स्थान: बेंगलूरु
दिनांक: 13.02.2024
राजीव श्रीवास्तव
निदेशक वित्त एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी

# किसान आंदोलन के मद्देनजर राजस्थान में सीमाओं पर की कड़ी सुरक्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। किसान आंदोलन के मद्देनजर राजस्थान में हरियाणा और पंजाब से लगती सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीकानेर के पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ जिलों में 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट निलंबित कर दिया गया है और सीमाएं सील कर दी गई हैं। उन्होंने बताया, सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ में सीमाओं पर दस नाके स्थापित किए गए हैं।

अधिकारी ने रतनपुरा सीमा का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों से भी बात की और जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीमाएं सील कर दी गई हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया, श्रीगंगानगर में साधुवाली को छोड़कर शेष क्षेत्र में कोई किसान नहीं है। साधुवाली में लगभग 200 किसानों के इकट्ठा होने की उम्मीद है और वहां अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

राजस्थान में कोटपुतली बहरोड़ जिले के शाहजहांपुर के पास हरियाणा की सीमा लगे क्षेत्र में दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के मद्देनजर किसानों की हलचल पर विशेष निगरानी रख सुरक्षा-व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिये गये हैं। बॉर्डर पर पुलिस टीम तैनात की गयी है जिससे कोई परेशानी न हो। साथ ही यह निर्देश दिये गये हैं कि अगर कोई हलचल होती है तो वाहनों को डाइवर्ट रूट से निकल जाये। कोटपूतली बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ पर पहुंच कर नीमराना डीएसपी अमीर हसन, शाहजहांपुर थानाधिकारी रामकिशोर शर्मा सहित पुलिस जाब्ते के साथ सीमा क्षेत्र का अवलोकन किया। इसके लिये जेसीबी, क्रेन एवं एम्बुलेंस सहित तात्कालीन सेवाओं का भी जायजा लेते हुये तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इधर अभी राजस्थान रोडवेज बसों का आवागमन भी लगातार जारी है। प्रावधान आने पर रोडवेज बसों का संचालन सीमित मार्ग तक किया जायेगा। विगत किसान आंदोलन के समय हरियाणा के खेड़ा एवं शाहजहांपुर बॉर्डर पर किसानों द्वारा राजमार्ग पर ही महापड़ाव डाल कर किसान आंदोलन की मिसाल बना था। उस समय राज्य में कांग्रेस सरकार के कारण किसान आंदोलन को स्थानीय स्तर पर समर्थन भी मिला था। सीमा पर किसानों का महापड़ाव रोकने को लेकर ही स्थानीय प्रशासन पूर्व से ही सजग रहते हुये सुरक्षा व्यवस्था और अन्य पहलुओं पर भी निगरानी रखे हुये है।

## सुनवाई



जयपुर में मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ओटीएस निवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए जनता व कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं उनके त्वरित निवारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



# भाजपा राजस्थान की सभी 25 सीटें फिर से जीतेगी : राजेंद्र गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यसभा सांसद और लोकसभा चुनाव क्लस्टर प्रभारी राजेंद्र गहलोत ने कहा कि राजस्थान में भाजपा के प्रति लोगों का रुझान बढा है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा सभी 25 सीटें जीतेगी और देश में 400 सीटों से अधिक पर काबिज होगी। गहलोत आज लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पदाधिकारियों की बैठक लेने दौसा आए थे।

इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर तीन लोकसभा क्षेत्र जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण और दौसा को मिलाकर एक क्लस्टर बनाया गया है। इसमें तैयारी के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि दौसा लोकसभा क्षेत्र की 8 विधानसभाओं में 6 पर पार्टी ने जीत हासिल की है। यह प्रधानमंत्री के प्रति जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं के परिश्रम का फल है।

भाजपा सरकार और पार्टी पर लोगों ने विश्वास जताया है। भाजपा की सरकार बनते ही राजस्थान में ईआरसीपी को लागू कर डीपीआर तैयार कर ली गई है। इस पर जल्द काम शुरू होगा और किसानों को इसका लाभ मिलेगा। सरकार ने किसान सम्मान निधि बढ़ाकर 8 हजार की है। एमएसपी 125 रुपए बढ़ाकर किसान की समृद्धि व गांव के विकास के लिए काम किया है। भाजपा का गांव चलो अभियान भी गांव की उन्नति के लिए चलाए जा रहा है। देश में अब तुष्टिकरण नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण के नाम पर लोगों को भ्रमित करने, जातियों को लड़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में महा घोटालेबाज नेताओं ने अपनी जमानत कराई हुई है। इन सब पर नेताओं पर केस चल रहे हैं।

अब महाभ्रष्टाचार समाप्त करेंगे। लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास आज का नहीं जनसंघ के समय का है। उस वक्त कश्मीर को लेकर नारा लगाया था कि जहां बलिदान हुए मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है... और भाजपा ने वहां 370 हटाकर अपना वादा निभाया है। राम मंदिर पर बोले कि हमारा नारा था रामलाल हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे...।

इस नारे को शत प्रतिशत सच साबित कर दिखाया है। राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओबीसी नहीं होने के बयान पर गहलोत ने कहा कि राहुल खुद क्या है? इसका उनको खुद को पता नहीं है। वह अपने गिरेबान में झांकें और सोचें कि क्या कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि ओबीसी किसी की कृपा से नहीं चल रही। प्रधानमंत्री मोदी ने ओबीसी आयोग बनाया है। 27 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी को दिलाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। देश में अब सत्य चलेगा झूठ कतई नहीं चल पाएगा।

राजस्थान में राज्यसभा के लिए उम्मीदवारी पर गहलोत ने कहा कि यह भाजपा में ही संभव है कि मंडल व वार्ड स्तर के साधारण कार्यकर्ता को मौका मिलता है। मदन राठौड़ समर्पित कार्यकर्ता हैं। वहीं चुन्नीलाल गरासिया आदिवासी क्षेत्र से हैं। यह भाजपा की सबका साथ सबका विकास की नीति को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष द्वारा सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा का चुनाव लड़ने के आग्रह पर बोले कि विपक्ष कहता है तो लड़ने दो।

## सड़क हादसे में तीन की मौत, पांच जख्मी

जयपुर। राजस्थान के राजसमंद जिले में मंगलवार सुबह एक ट्रक के मिनी ट्रक को पीछे से टक्कर मारने के बाद पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि कांकरोली थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह भीलवाड़ा से नाथद्वारा जा रहे मिनी ट्रक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसके बाद वह पलट गया। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान मनोज (21), बदरिया और भैरू लाल (32) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने दो यात्रियों से दो किलो सोना बरामद किया

जयपुर। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ओमान के मस्कट से आये दो यात्रियों के पास से दो किलोग्राम सोना बरामद किया है। दोनों आरोपी ब्यावर जिले के रहने वाले है। विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए मस्कट से आए दो यात्रियों को सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे रोका गया। उन्होंने बताया कि यात्रियों ने यह सोना कैप्सूल के रूप में अपने मलाशय में छिपा रखा था। बरामद सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1.30 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

# राजस्थान में जल जीवन मिशन के कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप में पांच अभियंता निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर जल जीवन मिशन योजना से जुड़े कार्यों में कथित भ्रष्टाचार को लेकर राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देश पर सोमवार को पांच अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया। मंत्री के दौसा दौरे पर दो अधिशाषी अभियंता, एक सहायक अभियंता और दो कनिष्ठ अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई। चौधरी 234 करोड़ रुपए की ईसरदा पेयजल परियोजना का शिलान्यास करने महवा आए थे। लौटते समय मंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर पीपलखेड़ा में रुके जहां ग्रामीणों ने उन्हें पानी की समस्या और योजना में 'भ्रष्टाचार' के बारे में बताया। मंत्री के साथ 'क्वालिटी कंट्रोल टीम' के अलावा राज्य व जिले के आला अधिकारियों की टीम भी थी।

चौधरी ने टीम को तत्काल जांच के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने पाइपलाइन की जांच की, जिसमें अनियमितता सामने आयी। मंत्री के निर्देश पर अधिशाषी अभियंता सिद्धार्थ मीणा व हेमन्त मीणा, सहायक अभियंता नानकराम बैरवा तथा कनिष्ठ अभियंता दारासिंह मीणा व महाराज सिंह गुर्जर को निलंबित कर दिया गया।'

# राजस्थान में वांछित अपराधी पर 50 पैसे का इनाम घोषित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

*जयपुर। आमतौर पर किसी वांछित अपराधी पर कुछ हजार रुपये से लेकर कुछ लाख रुपये तक का नकद इनाम रखा जाता है, लेकिन राजस्थान में एक आरोपी पर 50 पैसे का इनाम रखा गया है। इसके पीछे संदेश यह है कि समाज में आरोपी की हैसियत 50 पैसे की है, जो प्रचलन में भी नहीं है। झुंझुनूं जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) देवेन्द्र विश्नोई ने एक नया प्रयोग किया है। सिंघाना थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में वांछित योगेश मेघवाल को पकड़ने पर 50 पैसे का इनाम घोषित किया गया है। एसपी ने आदेश में कहा, आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम या इस वांछित अभियुक्त के संबंध में सही जानकारी देने वाले व्यक्ति को 50 पैसे का इनाम दिया जाएगा।*

*संपर्क करने पर पुलिस अधिकारी ने बताया कि समाज में स्पष्ट और सकारात्मक संदेश देने के लिए ऐसा किया गया है कि समाज में अपराधियों की हैसियत 50 पैसे की है। एसपी देवेंद्र विश्नोई ने इस संबंध में सोमवार को एक पत्र जारी किया।*



# मिश्र ने राष्ट्रपति मुर्मू का राजभवन में अभिनंदन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का मंगलवार को राजभवन पहुंचने पर अभिनंदन और स्वागत किया। मिश्र ने राजभवन में उनकी अगवानी करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। राष्ट्रपति ने इस दौरान राज्यपाल मिश्र की कुशलक्षेम पूछी और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# टाटा सोलर पावर प्लांट प्रतिदिन कर रहा है बारह लाख लीटर पानी की बचत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। देश की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनियों में से एक टाटा पावर के राजस्थान के बीकानेर में सोलर पावर प्लांट शुरू करने से जहां स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है वहीं इस प्लांट में पैनल की सफाई स्वचालित मशीन से करने से प्रतिदिन 12 लाख लीटर पानी की बचत भी की जा रही है। बीकानेर के नूरसर में 225 मेगावाट से अधिक का करीब ढाई हजार हैक्टेयर में स्थित इस प्लांट क्षेत्र के ग्रीन क्षेत्र के रुप में विकसित होने से यहां वर्षा भी अधिक होने लगी हैं। इसके लगने से जहां यहां बंजर पड़ी भूमि का किसानों को उचित मूल्य मिलने के साथ बड़ी मात्रा में बिजली बनने से आने वाले समय में जब और ज्यादा बिजली बनने लगेगी तो बिजली के दामों में भी कमी आयेगी।

टाटा पावर सूत्रों ने मीडिया को प्लांट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नूरसर प्लांट ने मुंबई की नॉन-कार्बन आपूर्ति को दुगुना कर दिया है और केरल के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान दिया है। मुंबई शहर के लिए 225 मेगावाट का यह नूरसर सोलर फार्म एक गेम-चेंजर बना है। भारत की सबसे बड़ी सोलर फैसिलिटीज़ में से एक नूरसर सोलर फार्म टाटा पावर के वितरण नेटवर्क में शुद्ध ऊर्जा को सीधे फीड करता है और इस तरह से शहर के हरित ऊर्जा इस्तेमाल को बढ़ाता है।

पिछले डेढ़ साल में इस प्लांट में यहां के कम से कम दो सौ से तीन सौ स्थानीय परिवारों को रोजगार मिला है वहीं इससे कार्बन को नियंत्रण किया गया है। साथ ही इस क्षेत्र में पहले बरसात कम होती थी लेकिन अब यहां बारिश भी बढ़ी है। इसके अलावा कंपनी के सीएसआर गतिविधियों के तहत महिलाओं का सशक्तीकरण का काम भी किया जा रहा है वहीं युवाओं के कौशल को विकसित करने का काम भी हाथ में लिया गया जिससे दसवीं पास करने के बाद आगे नहीं पढ़ पा रहे युवकों आईटीआई कराया जा रहा है।

## शिलान्यास



कोटा के सांगोद में मंगलवार को 400 केवी जीएसएस, विभिन्न गांवों में सामुदायिक भवनों, विद्यालयों में कक्षा कक्षों तथा अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

# दो किलो अफीम का दूध बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर । पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने पाली और जोधपुर पूर्व जिले के डांगियावास थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग करवाई की है। क्राइम ब्रांच की सूचना पर पाली जिले की शिवपुरा थाना पुलिस ने एक शिकारी के घर से एक टोपीदार बंदूक जप्त की है, वहीं डांगियावास थाना इलाके में क्राइम ब्रांच की टीम ने डीएसटी के सहयोग से एक व्यक्ति को डिटेन कर उसके पास से 2 किलो 50 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि वांछित बदमाशों, अवैध मादक पदार्थ एवं हथियार तस्करों के बारे में आसूचना संकलन के लिए पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम को अलग-अलग शहरों में भेजा गया है।



# बलिदान की कोई कीमत नहीं, सैनिक कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसान, युवा एवं सैनिक कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने अपने पहले बजट में किसानों को देय सम्मान निधि की राशि 2 हजार रूपए बढ़ा कर 8 हजार करने एवं गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल 125 रूपए का अतिरिक्त बोनस देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को शाहपुरा के गोविंदपुरा (बासड़ी) में शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति अनावरण के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। शहीद लांबा को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इस बेटे को देश हमेशा याद रखेगा। मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके बलिदान की कीमत नहीं आंकी जा सकती। वे देश व प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है। इस अवसर पर उन्होंने गोविंदपुरा (बासड़ी) में शहीद रोहिताश लांबा के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने एवं 500 मीटर सड़क के निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति का अनावरण एवं पट्टी का लोकार्पण भी किया।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के विचार को केन्द्र में रखकर कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को भरपूर राहत प्रदान कर रही है। हमारी सरकार प्रदेश की महिलाओं को 450 रूपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाकर आर्थिक राहत पहुंचा रही है। साथ ही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि भी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को गैंगवार से मुक्त करने की दिशा में राज्य सरकार सख्त कदम उठा रही है। इस संबंध में एंटी गैंगस्टर टास्कफोर्स गठित की गई है एवं जेलों का सघन निरीक्षण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय हुआ है। भारत सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए आतंकवाद पर कडे. प्रहार कर रही है। 26 जनवरी, 2019 को बालाकोट एयर स्ट्राइक कर भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में भारत को विश्वगुरू बनाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आज देश इस पथ पर तेजी से अग्रसर है और शीघ्र ही भारत विश्वगुरू बनेगा।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है कि वे दिन-रात देश की सीमाओं पर मुस्तैद रहकर हमारी रक्षा करते हैं। उनके त्याग एवं समर्पण और मातृभूमि की रक्षा करने वाली भावना से आज के युवा प्रेरणा लें। इस दौरान कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबरमल खर्रा ने भी समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक कुलदीप धनखड़, जिला प्रमुख श्रीमती रमा देवी चैपड़ा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, सीआरपीएफ महानिरीक्षक विक्रम सहगल सहित वीरांगनाओं और उनके परिजन तथा आमजन समारोह में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री शर्मा ने वीरांगनाओं को शॉल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

# मेरे राजनीतिक जीवन की नई शुरुआत : अशोक चव्हाण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस छोड़ने के एक दिन बाद मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। चव्हाण (65) को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, पार्टी की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार और कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन समेत कई नेताओं की उपस्थिति में मुंबई स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा में शामिल किया गया। कांग्रेस में लगभग चार दशक बिताने वाले चव्हाण ने अपने राजनीतिक जीवन के नए चरण के बारे में कहा कि आज का दिन उनकी नई राजनीतिक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री एस बी चव्हाण के बेटे अशोक चव्हाण ऐसे समय में भाजपा में शामिल हुए हैं जब ये अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्हें राज्यसभा का नामांकन दिया जा सकता है।

जब चव्हाण से यह पूछा गया कि क्या उन्हें वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कोई फोन किया, तो उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया।

आदर्श घोटाले को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत द्वारा उन पर निशाना साधे जाने पर चव्हाण ने अपना बचाव करते हुए कहा, बंबई उच्च न्यायालय ने मेरे पक्ष में फैसला दिया है। मैं कह सकता हूं कि यह एक राजनीतिक दुर्घटना थी। कुछ एजेंसियों ने अदालत के फैसले को चुनौती दी है। मैंने इसका बहुत सामना कर लिया है और मुझे नहीं लगता कि अब यह कोई चिंता का विषय है।

पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने भी आदर्श हाउसिंग घोटाला मामला उठाते हुए सोमवार को अशोक चव्हाण पर निशाना साधते हुए कहा था कि अगर भाजपा उन्हें राज्यसभा भेजती है, तो यह शहीद सैनिकों का अपमान होगा।

चव्हाण ने कहा, मैं कहूंगा कि यह मेरे जीवन की एक नई शुरुआत है। मेरे राजनीतिक जीवन के पिछले 38 वर्षों में, मैं एक नई यात्रा शुरू कर रहा हूं। मैं कुछ अच्छे काम करना चाहता हूं और प्रगतिशील विचारों के साथ आगे बढ़ना चाहता हूं। राजनीति समाज की सेवा करने का एक तरीका है। कुछ लोगों ने मेरे फैसले की आलोचना की है, लेकिन मैं किसी के खिलाफ कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, मैंने अब तक विकासात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ काम किया है।

## पटनायक ने ओडिशा सरकार को अधिकारियों को सौंप कर दिया है : शिवराज सिंह चौहान



**भुवनेश्वर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर मंगलवार को आरोप लगाया कि उन्होंने ओडिशा सरकार को कुछ अधिकारियों को 'आउटसोर्स' (किसी बाहरी व्यक्ति को काम की जिम्मेदारी सौंपना) कर दिया है। चौहान ने ओडिशा के जगतसिंहपुर और कटक लोस क्षेत्रों का दौरा करने से पहले हवाई अड्डे पर यह बात कही। उनका जगतसिंहपुर व कटक में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने का कार्यक्रम है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, नवीन पटनायक ने सरकार को कुछ अधिकारियों को 'आउटसोर्स' कर दिया है और इसके कारण हर स्तर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है। पटनायक सरकार नहीं चला रहे हैं और उनकी ओर से अधिकारी राज्य शासन चला रहे हैं।

चौहान ने आरोप लगाया कि ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार में वृद्धि हुई है, जिसके कारण वे राज्य में सुरक्षित महसूस नहीं करती। चौहान ने दावा किया कि भाजपा लोकसभा चुनाव में पहले से अधिक सीट जीतेगी और ओडिशा में भी सरकार बनाएगी।




## बिहार सरकार ने 2.79 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया, वृद्धि दर देश में सबसे अधिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने मंगलवार को 2.79 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट के मुताबिक राज्य की वित्तीय स्थिति अच्छी है और वृद्धि दर देश में सबसे अधिक 10 प्रतिशत से ज्यादा है। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि यह बिहार के लिए गर्व की बात है कि उसकी वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक 10.64 प्रतिशत है।

वित्त विभाग संभालने वाले चौधरी ने कहा, हम राज्य के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम चालू वित्त वर्ष में 2.5 करोड़ लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने में सफल रहे। उन्होंने विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पेश किया। इस दौरान विपक्षी दल के सदस्य ''पलटूराम होश में आओ'' जैसे नारे लगाते हुए सदन से बाहर चले गए।

चौधरी ने राज्य की प्रमुख उपलब्धियां गिनाते हुए मातृत्व मृत्यु में उल्लेखनीय गिरावट का जिक्र किया और कहा कि इसमें 47 प्रतिशत की कमी हुई है।

अगले वित्त वर्ष के लिए राज्य का प्रस्तावित बजट 2,78,725.72 करोड़ रुपए है, जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में 16,840 करोड़ रुपए अधिक है।

## सरकार को 'जिद्दी रवैया' छोड़ किसानों से बात करनी चाहिए : नरेश टिकैत



**लखनऊ/भाषा।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने मंगलवार को कहा कि केंद्र किसानों के साथ बात करनी चाहिए और आरोप लगाया कि सरकार का ''अड़ियल रवैया'' खतरनाक साबित हो सकता है। किसान नेता ने आश्चर्य जताते हुए पूछा कि क्या किसान हमेशा आंदोलन ही करता रहेगा, रास्ता ही जाम करता रहेगा और दिल्ली कूच करता रहेगा? मुजफ्फरनगर में पीटीआई-वीडियो से बात करते हुए टिकैत से किसानों की मांगों के बारे में पूछे जाने पर कहा, अलग-अलग राज्यों की मांगें अलग-अलग हैं। क्या किसान हमेशा आंदोलन करता रहेगा, रास्ता ही जाम करता रहेगा, या दिल्ली कूच करता रहेगा? सरकार की भी कुछ जिम्मेदारी है। इस तरह के मामलों को संज्ञान लेने में क्या दिक्कत है? और यह जो 'जिद्दी रवैया' है, वह कहीं न कहीं घातक साबित हो रहा है। सरकार को (इन मुद्दों पर) सोचना चाहिए और किसानों से वार्ता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन हमेशा किसानों के साथ है। दिल्ली में सीमाएं सील होने पर उन्होंने कहा, किसानों की बात अनसुनी कर दी जाती है, किसानों की जो भी बात है, वो सुनी जानी चाहिए। उन्हें रोकना किसी तरह की बहादुरी नहीं है। विभिन्न संगठनों द्वारा प्रस्तावित 16 फरवरी के बंद के आह्वान पर टिकैत ने कहा कि स्कूल वैन, मरीजों को ले जाने वाले वाहनों और सैन्य वाहनों को जाने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान बातचीत से किया जाना चाहिए।

## संदेशखालि मामला : प्रदर्शनकारी भाजपा समर्थकों और पुलिस में झड़प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के बशीरहाट में संदेशखालि ब्लॉक में महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन से पहले बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने का प्रयास करने वाले भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच बीच झड़प हुई।

अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बशीरहाट में एसपी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। संदेशखालि, बशीरहाट पुलिस जिले के दायरे में आता है।

### संदेशखालि मामला : महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया

**कोलकाता/भाषा।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बंदूक दिखाकर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों और संदेशखालि में आदिवासियों की जमीन के हस्तांतरण के आरोपों पर मंगलवार को स्वत: संज्ञान लिया और राज्य के अधिकारियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रॉय ने कहा कि संदेशखालि में जो कुछ हो रहा है, वह उससे बहुत परेशान हैं। उन्होंने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया कि इस संबंध में राज्य, वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाए। न्यायाधीश ने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न और कानून का उल्लंघन करते हुए आदिवासियों की जमीन हथियाने के संबंध में मीडिया में आईं खबरों को लेकर वह बहुत दुखी हैं।

## सरकार मुनाफा कमाने वालों से मिली है, किसानों को एमएसपी देना नहीं चाहती : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किसानों के आंदोलन पर केंद्र सरकार को घेरते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार किसानों को एमएसपी देना नहीं चाहती और मुनाफा कमाने वालों से मिली हुई है।

राज्यसभा चुनाव के लिए सपा के तीन उम्मीदवारों का मंगलवार को विधानसभा में नामांकन दाखिल कराने के बाद पार्टी प्रमुख यादव ने किसानों के आंदोलन पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा, जो सरकार किसानों के नाम पर वोट लेना चाहती हो, जो सरकार स्वामीनाथन व किसानों के नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दे रही हो, वह आखिरकार किसानों को एमएसपी क्यों नहीं दे रही है। यादव ने आरोप लगाया, सरकार या तो एमएसपी देना नहीं चाहती या बड़े लोगों से मिली है, या जो लोग मुनाफा कमाना चाहते हैं उनसे सरकार मिली हुई है। उन्होंने कहा, इसी का परिणाम है कि सरकार किसानों की आवाज दबाने के लिए ऐसा कार्य कर रही है।

फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद पंजाब से किसानों ने मंगलवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया।

किसानों के 'दिल्ली चलो' विरोध मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने मंगलवार को अंबाला (हरियाणा) में शंभू बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेड को तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े।

इस मामले को लेकर पत्रकारों से सपा प्रमुख ने कहा, जो कुछ हो रहा है और जिस तरह से खबरें आ रही हैं कि आंसू गैस (छोड़ी गई है) और उससे पहले किसानों को रोकने के लिए, आंदोलन को रोकने के लिए किलों से लेकर न जाने क्या क्या दीवारें खड़ी की गईं... प्रशासन के माध्यम से सरकार जो कर सकती है, वह कर रही है।



## कांग्रेस सरकार एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी देगी : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अंबिकापुर/भाषा।** किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद किसानों के हित में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले यह उनकी पार्टी की पहली 'गारंटी' है।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि लोगों को मोदी की 'गारंटियों' पर विश्वास नहीं करना चाहिए। खरगे ने कहा, मैं छत्तीसगढ़ से घोषणा करना चाहता हूं कि किसानों के लिए फसलों की व्यापक खरीद के साथ एमएसपी की कानूनी गारंटी हमारी गारंटी है (आगामी लोकसभा चुनावों के लिए)। अगर हम सत्ता में आते हैं तब इस गारंटी को जरूर लागू किया जाएगा। यह हमारी पहली गारंटी है। उन्होंने कहा, जो किसान (दिल्ली सीमा पर) अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं, उन्हें रोकने के लिए सड़क पर लोहे की कीलें बिछाई गई और सीमेंट की दीवारें खड़ी की गईं। ये कैसा लोकतंत्र है? क्या कोई अपने अधिकारों के लिए नहीं लड़ सकता'' 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल किसानों की एक मांग फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी वाला कानून बनाने की है। खरगे ने दावा किया कि निजी बीमा कंपनियों ने पीएम फसल बीमा योजना के माध्यम से पिछले दस वर्षों में 40 हजार करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी को किसानों और गरीबों की परवाह नहीं है, बल्कि वह केवल अमीरों पर ध्यान देते हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, वह खुद को पिछड़ा, गरीब और चाय बेचने वाला बताते हैं। आप (मोदी) चाय या कुछ और बेचिए लेकिन देश और सार्वजनिक उपक्रमों को नहीं बेचिए।

## स्वामीनाथन को भारत रत्न, लेकिन उनके सुझावों को लागू करने के लिए तैयार नहीं केंद्र सरकार : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अंबिकापुर/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा तो करती है, लेकिन वह (कृषि और किसानों पर) उनके सुझावों को लागू करने के लिए तैयार नहीं है। गांधी ने इस दौरान वादा किया कि केंद्र में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमेटी के सुझावों पर अमल किया जाएगा।

राज्य के उत्तरी क्षेत्र सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, आज किसान दिल्ली की ओर पैदल जा रहे हैं। उनको रोका जा रहा है, उन पर आंसू गैस के गोले चलाए जा रहे हैं। उनको जेल में भरा जा रहा है। वह सिर्फ यह कह रहे कि उन्हें अपनी मेहनत का फल मिलना चाहिए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, स्वामीनाथन जी को भाजपा की सरकार ने भारत रत्न दिया, लेकिन जिस चीज के लिए स्वामीनाथन जी ने अपनी जिंदगी दी, हिंदुस्तान के किसानों के लिए मेहनत की, जो स्वामीनाथ जी ने कहा उसको करने के लिए (केंद्र सरकार) तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, स्वामीनाथन जी ने अपनी रिपोर्ट में साफ कहा है कि किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलना चाहिए। वह भाजपा की सरकार नहीं कर रही है। मैं कहना चाहता हूं कि केंद्र में 'इंडिया' (गठबंधन) की सरकार आएगी तो हम एमएसपी की गारंटी हिंदुस्तान के किसानों को देंगे। जो स्वामीनाथ रिपोर्ट में लिखा है वह हम पूरा करके देंगे। यह हमारी शुरुआत है। हमारा चुनाव घोषणा पत्र बन रहा है। हम किसानों के लिए, मजदूरों के लिए काम करने जा रहे हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** विवादित बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से त्यागपत्र दे दिया। मौर्य ने अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम लिखा त्यागपत्र 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने कहा कि वह बिना पद के भी पार्टी को मजबूत करने के लिए तत्पर रहेंगे।

सपा के विधान परिषद सदस्य मौर्य ने पार्टी अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने पार्टी का जनाधार बढ़ाने का काम अपने तौर तरीके से जारी रखा और भाजपा के 'मकड़जाल' में फंसे आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के 'स्वाभिमान' को जगाने की कोशिश की। मौर्य ने कहा कि इस पर पार्टी के ही कुछ 'छुटभैये' और कुछ बड़े नेताओं ने उसे उनका बयान कहकर उनके प्रयास की धार को कुंद करने की कोशिश की। हैरानी तो तब हुई जब पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं ने चुप रहने के बजाय (बयानों को) मौर्य जी का निजी बयान कह कर कार्यकर्ताओं के हौसले को तोड़ने की कोशिश की। मैं नहीं समझ पाया एक राष्ट्रीय महासचिव मैं हूं, जिसका कोई बयान निजी बयान हो जाता है और पार्टी के कुछ राष्ट्रीय महासचिव व नेता ऐसे भी हैं जिनका हर बयान

## शादी के छह दिन बाद ही दुल्हन जेवर व डेढ़ लाख नकद लेकर फरार

**सहारनपुर (उप्र)/भाषा।** सहारनपुर जिले के जनकपुरी थाना इलाके में शादी के छह दिन बाद ही नई नवेली दुल्हन अपने पति को दूध में बेहोशी की दवा पिलाकर ससुराल से सोने-चांदी के आभूषण और डेढ़ लाख रुपए की नकदी लेकर फरार हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित पति की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने तहरीर के हवाले से पीटीआई-भाषा को बताया कि जनकपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सड़क दूधली निवासी विनोद उर्फ बिट्टू की शादी छह फरवरी को ग्राम दाबकी गुर्जर निवासी ओमप्रकाश की बेटी शिवानी से हुई थी। एसपी ने बताया कि शादी के छह दिन बाद दुल्हन ने 11 फरवरी की रात अपने पति विनोद को दूध पीने को दिया जिसे पीते ही वह बेहोश हो गया।

## मंधाना महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंची



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। मुंबई की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट का स्थान लिया जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के कारण पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं।

इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं लेकिन ऑलराउंडर की सूची में वह एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेसटोन शीर्ष पर बनी हुई हैं।

## 'एसए20 की सफलता में आईपीएल फ्रेंचाइजी की भूमिका महत्वपूर्ण'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि हाल में समाप्त हुए एसए20 टूर्नामेंट की सफलता में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की छह फ्रेंचाइजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसए20 में छह फ्रेंचाइजी टीमों एमआई केप टाउन, जॉबर्ग सुपर किंग्स, डरबन सुपर जाइंट्स, पार्ल रॉयल्स, प्रिटोरिया कैपिटल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने हिस्सा लिया। इन सभी टीमों का स्वामित्व आईपीएल टीमों के मालिकों के पास है।



स्मिथ ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा,''हम सौभाग्यशाली हैं कि आईपीएल की छह फ्रेंचाइजी हमारे साथ हैं। यह विश्व क्रिकेट की सबसे मजबूत फ्रेंचाइजी हैं। कई स्तरों पर उनकी विशेषज्ञता हमारे काम आई।

इस 46 वर्षीय क्रिकेटर के एक खिलाड़ी और प्रशासक के रूप में भारतीय क्रिकेट बोर्ड के साथ अच्छे संबंध रहे हैं जिससे एसए20 को सफल बनाने में मदद मिली। एसए20 के आयुक्त स्मिथ ने कहा, भारत और भारतीय बोर्ड के साथ मेरी बातचीत से भी हमें काफी मदद मिली। इससे हमें कुछ सीखने को मिला। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं जो हमारे लिए सकारात्मक है। एसए20 का दूसरा सत्र पिछले सप्ताह समाप्त हुआ। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने फाइनल में डरबन सुपर जॉइंट्स को हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

### इशान किशन मामला

## आईपीएल में भागीदारी के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलना अनिवार्य कर सकता है बीसीसीआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नहीं खेलना और केवल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) पर ध्यान केंद्रित करने के कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस धनाढ्य टी20 लीग में भागीदारी के लिए रणजी ट्रॉफी के कुछ मैचों में खेलना अनिवार्य कर सकता है।

पता चला है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी पहले ही बल्लेबाज इशान किशन को 16 फरवरी से जमशेदपुर में राजस्थान के खिलाफ होने वाले झारखंड के अंतिम लीग मैच में खेलने का निर्देश दे चुके हैं।

किशन यात्रा से जुड़ी थकान के कारण दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच से स्वदेश लौट गए थे और इसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला जो बीसीसीआई के अधिकारियों को नागवार गुजरा।

यही नहीं इस बीच उन्हें मुंबई इंडियंस के नवनियुक्त कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में अभ्यास करते हुए देखा गया जबकि उनकी रणजी टीम झारखंड अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही थी।

इस बात पर आम सहमति है कि इसको लेकर कड़ी नीति बनाने की जरूरत है ताकि युवा खिलाड़ी केवल आईपीएल में खेलने को अपनी आदत नहीं बना सकें।

## सुविचार

**पवित्रता, धैर्य और दृढ़ता ये तीनों सफलता के लिए आवश्यक है लेकिन इन सबसे ऊपर प्यार है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# यथार्थ से कोसों दूर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का पाकिस्तान जाकर एक कार्यक्रम में इस पड़ोसी देश के लोगों की 'मेहमान-नवाज़ी', 'दोस्ती' और 'स्वागत' के साथ ही भारत-पाक संबंधों के बारे में दिया गया बयान कोरी भावुकता है, जिसका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। अय्यर द्वारा कही गईं कुछ बातें उच्च आदर्श तो हो सकती हैं, लेकिन वे यथार्थ से कोसों दूर हैं। उनका यह कहना हास्यास्पद है कि 'मेरे अनुभव से, पाकिस्तानी ऐसे लोग हैं, जो शायद दूसरे पक्ष पर अति प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। यदि हम मित्रतापूर्ण हैं, तो वे अत्यधिक मित्रतापूर्ण हैं और यदि हम शत्रुतापूर्ण हैं, तो वे अधिक शत्रुतापूर्ण हो जाते हैं।' यह बयान देकर अय्यर ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों की नीयत पर सवालिया निशान लगा दिया। इतिहास गवाह है, महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू जैसे कांग्रेस के तत्कालीन शीर्ष नेताओं ने पाकिस्तान से मधुर संबंध रखने की ही कोशिश की थी, लेकिन बदले में क्या मिला? जिन्ना के आदेश पर जम्मू-कश्मीर में कबायली लश्करों की घुसपैठ! लाल बहादुर शास्त्री भी चाहते थे कि भारत-पाक के संबंध मधुर रहें और दोनों देश तरक्की करें, लेकिन इस नेक नीयत के बदले क्या मिला? साल 1965 का युद्ध! अटलजी भी बस लेकर लाहौर गए थे। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों को सुधारने की पूरी कोशिश की थी, लेकिन उसके बाद क्या हुआ? कारगिल युद्ध! भारत की हर सरकार और उसके हर प्रधानमंत्री की मंशा यही रही कि भारत-पाक के रिश्तों में तनाव कम हो जाए, दोनों तरफ के लोगों की ज़िंदगी में आसानी आए, लेकिन कभी हमारे विमान का अपहरण हुआ, कभी संसद भवन पर आतंकियों ने हमला बोला, कभी 26/11 हुआ, तो कभी पठानकोट, उरी और पुलवामा में दहशत का खूनी खेल खेला गया। इन सबके पीछे कौन था? वही पाकिस्तान, जिसकी मेहमान-नवाज़ी का अय्यर बखान कर रहे हैं।

भारतवासियों में 'शत्रुबोध' का घोर अभाव है। बस, हमसे कोई हंसकर बोल ले, थोड़ी-सी तारीफ कर दे। उसके बाद संबंधित व्यक्ति की मंशा जानने की कोशिश नहीं करते। हमने दरियादिली दिखाते हुए विदेशी आक्रांताओं को माफ किया, लेकिन जब उनका दोबारा मौका लगा तो उन्होंने हमारा ही खून बहाया! पाकिस्तानी मीडिया में अय्यर का यह बयान वाहवाही बटोर रहा है कि 'वे कभी किसी ऐसे देश में नहीं गए, जहां उनका इतनी खुली बांहों से स्वागत किया गया हो, जितना पाकिस्तान में हुआ। जब वे कराची में महावाणिज्य दूत के रूप में तैनात हुए तो हर कोई उनकी और उनकी पत्नी की देखभाल कर रहा था।' भारत में भी जब कोई मेहमान, खासकर विदेशी मेहमान आता है तो उसका खूब स्वागत-सत्कार किया जाता है। सोशल मीडिया पर कई पाकिस्तानी यह स्वीकार करते मिल जाएंगे कि जब वे भारत आए थे तो लोगों ने उनकी खूब आवभगत की थी। उन्हें होटलों में मुफ्त ठहराया गया। अगर इलाज के लिए अस्पताल गए तो डॉक्टरों ने फीस नहीं ली। किसी रेस्टोरेंट में गए तो वहां भी सबकुछ मुफ्त था। मेहमान चाहे पाकिस्तानी हो या ईरानी ... भारतवासी सबका खुले दिल से स्वागत करते हैं। हमें शिकायत पाकिस्तान की ओर से आने वाले उन 'अनचाहे मेहमानों' को लेकर है, जो अपने दिलो-दिमाग में दहशतगर्दी का ज़हर लेकर आते हैं और यहां हमले करते हैं। बेहतर होता कि अय्यर अपने संबोधन में यह मुद्दा भी उठाते, लेकिन वे तो पाकिस्तानी लोगों को भारत की सबसे बड़ी 'संपत्ति' बताकर आ गए। यह 'संपत्ति' भारतभर में अलगाववाद और आतंकवाद को परवान चढ़ाने के लिए आतंकी संगठनों को चंदा देती है, श्रीराम मंदिर के बारे में अभद्र शब्द बोलती है, अपने यहां मासूम हिंदू बच्चियों के अपहरण व जबरन धर्मांतरण पर खामोश रहती है, एक श्रीलंकाई नागरिक को ज़िंदा जलाकर उसकी 'चिता' के सामने अट्टहास करती हुई सेल्फी लेती है, जिसके असहिष्णु रवैए के कारण भारत में सीएए बनाने की जरूरत पड़ी, जो केदारनाथ धाम में प्राकृतिक आपदा पर खुशियां मनाती है, जो भारत के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत की हेलीकॉप्टर दुर्घटना को 'ज़बर्दस्त ख़बर' बताती है ...। इस 'संपत्ति' ने अपने मुल्क का बेड़ा गर्क करने के बाद यूरोप में हाहाकार मचा रखा है। अय्यर इन तमाम खूबियों से भरपूर 'संपत्ति' के स्वागत-सत्कार का आनंद उठाएं। भारत अब किसी झांसे में नहीं आने वाला।

## ट्वीटर टॉक



सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास ही भाजपा का मूल आधार है। सबको स्वास्थ्य के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश के नागरिकों को अच्छी गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**-राजेन्द्र राठौड़**



रेडियो के आविष्कार ने सामाजिक जागरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मनोरंजन के अतिरिक्त शिक्षा, संस्कृति, संस्कार एवं विश्व के समग्र विकास में रेडियो के उल्लेखनीय योगदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मनाए जाने वाले विश्व रेडियो दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ।

**-वासुदेव देवनानी**

## प्रेरक प्रसंग

# माता-पिता से ईश्वर

जॉर्ज इवानोविच गुरजिएफ एक रूसी दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरु थे। उन्होंने अपने आश्रम के द्वार पर एक तख्ती लटका रखी थी, जिस पर लिखा था-जिन्हें अपने माता-पिता के साथ रहने में दिक्कत है, वह इस आश्रम में प्रवेश न करे। एक व्यक्ति आश्रम में प्रवेश की इस शर्त की तार्किकता से असंतुष्ट था।

उसने गुरजिएफ से पूछा, 'महोदय, माता-पिता की सेवा करना तो एक सामाजिक व्यवस्था है। इससे आपका क्या लेना-देना। जिसे सेवा करनी होगी वह करेगा, जिसे नहीं करनी होगी, वह नहीं करेगा। लोग आपके पास अपने पारिवारिक पचड़ों को लेकर नहीं बल्कि ईश्वर को जानने आते हैं।' गुरजिएफ ने कहा, 'बस उसी ईश्वर की यह शर्त है कि जो लोग अपने माता-पिता के साथ नहीं रह सकते, वह परमपिता परमेश्वर के साथ भी नहीं रह सकते, क्योंकि माता-पिता ईश्वर के प्रतिनिधि होते हैं। भगवान ने तुम्हें इन्हीं के माध्यम से इस संसार में भेजा है।' उस व्यक्ति ने समझ लिया कि अपने जन्मदाता को सम्मान देने से ही प्रभु कृपा मिलती है।

## सामयिक

# राग रंग और उत्सव का पर्व है बसन्त पंचमी

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034

भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगें फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये वसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है। वसंत शब्द का अर्थ है बसंत और पंचमी का पांचवें दिन। इसलिये माघ महीने में जब वसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवे दिन यानी पंचमी को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। बसन्त उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है। है। उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है।

सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बसन्त पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का महापर्व है। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। मां सरस्वती का प्रिय रंग पीला है। इसलिए



उनकी मूर्तियों को पीले वस्त्र, फूल पहनाए जाते हैं। देश में लोग बसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहन कर विद्या की देवी मा सरस्वती कि वंदना मंत्र का उच्चारण कर उनकी पूजा करते हैं।

माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसन्त ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास बसन्त ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ बसन्त में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। सरसों के फूलों से भरे खेत पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गयी है। बसन्त पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है। वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं।

बसन्त पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वो पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है। चूंकि बसन्त पंचमी का पर्व इतने शुभ समय में पड़ता है। अतः इस पर्व का स्वतः ही आध्यात्मिक, धार्मिक, वैदिक आदि सभी दृष्टियों से अति विशिष्ट महत्व परिलक्षित होता है। प्राचीन कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने विष्णु जी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी। एक दिन वह अपनी बनाई हुई सृष्टि को देखने के लिए धरती पर भ्रमण करने के लिए आए। ब्रह्मा जी को अपनी बनाई सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था। लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु-पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि एसा क्या किया जाए कि सभी बोले और खुशी में झूमे।

ऐसा विचार करते हुए ब्रह्मा जी ने अपने कमण्डल से जल लेकर कमल पुष्पों तथा धरती पर छिडका। जल छिडकने के बाद श्वेत वस्त्र धारण किए हुए एक देवी प्रकट हुई। इस देवी के चार हाथ थे। एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में कमल, तीसरे हाथ में माला तथा चतुर्थ हाथ में पुस्तक थी। ब्रह्मा जी ने देवी को वरदान दिया कि तुम सभी प्राणियों के कण्ठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी, जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूज्यनीय होगा। ब्रह्मा जी ने कहा कि तुम्हें संसार में देवी सरस्वती के नाम से जाना जाएगा।

कडकड़ाती ठंड के बाद बसंत ऋतु में प्रकृति की छटा देखते ही बनती है। पलाश के लाल फूल, आम के पेड़ों पर आए बौर, हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को सुहाना बना देती है। यह ऋतु सेहत की दृष्टि से भी बहुत अच्छी मानी जाती है। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। देश के कई स्थानो पर पवित्र नदियों के तट और तीर्थ स्थानों पर बसंत मेला भी लगता है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में तो बसंत पंचमी के दिन से ही लोग समूह में एकत्रित होकर रात में चंग ढफ बजाकर धमाल गाकर होली के पर्व का शुभारम्भ करते है। बसन्त पंचमी के दिन विद्यालयों में भी देवी सरस्वती की आराधना की जाती है। भारत के पूर्वी प्रांतों में घरों में भी विद्या की देवी सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की जाती है और वसन्त पंचमी के दिन उनकी पूजा की जाती है। उसके बाद अगले दिन मूर्ति को नदी, तालाब में विसर्जित कर दिया जाता है। देवी सरस्वती को ज्ञान, कला, बुद्धि, गायन-वादन की अधिष्ठात्री माना जाता है। इसलिए इस दिन विद्यार्थी, लेखक और कलाकार देवी सरस्वती की उपासना करते हैं। विद्यार्थी अपनी किताबें, लेखक अपनी कलम और कलाकार अपने संगीत उपकरणो और बाकी चीजें मां सरस्वती के सामने रखकर पूजा करते हैं।

## विशेष

# बसंत ऋतु के आगमन की सूचक है बसंत पंचमी

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9034304041.

माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी बसंत पंचमी' के रूप में देशभर में धूमधाम से मनाई जाती रही है, जो इस वर्ष 14 फरवरी को मनाई जा रही है। माना जाता है कि यह दिन बसंत ऋतु के आगमन का सूचक है। शरद ऋतु की विदाई और बसंत के आगमन के साथ समस्त प्राणीजगत में नवजीवन एवं नवचेतना का संचार होता है। वातावरण में चहुं ओर मादकता का संचार होने लगता है। प्रकृति के सौंदर्य में निखार आने लगता है। शरद ऋतु में वृक्षों के पुराने पत्ते सूखकर झड़ जाते हैं, लेकिन बसंत की शुरुआत के साथ ही पेड़-पौधों पर नयी कोंपलें फूटने लगती हैं। चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं, धरती का वातावरण महकने लगता है। बसंत पंचमी के ही दिन होली का उत्सव भी आरंभ हो जाता है और इस दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है।

साहित्य और संगीत प्रेमियों के लिए तो बसंत पंचमी का विशेष महत्व है, क्योंकि यह ज्ञान और वाणी की देवी सरस्वती की पूजा का पवित्र पर्व माना गया है। बच्चों को इस दिन से बोलना या लिखना सिखाना शुभ माना गया है। संगीतकार इस दिन अपने वाद्य यंत्रों की पूजा करते हैं।

ऐसी मान्यता है कि इसी दिन विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती अपने हाथों में वीणा, पुस्तक व माला लिए अवतरित हुई थी। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इस दिन लोग विद्या, बुद्धि और वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा-आराधना करके अपने जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की कामना करते हैं। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बसंत पंचमी के दिन ही प्रथम बार देवी सरस्वती की आराधना की थी और कहा था कि अब से प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के



दिन देवी सरस्वती की पूजा होगी और इस दिन को मां सरस्वती के आराधना पर्व के रूप में मनाया जाएगा।

प्राचीन काल में बसंत पंचमी को प्रेम के प्रतीक पर्व के रूप में वसंतोत्सव', मदनोत्सव', कामोत्सव' अथवा कामदेव पर्व' के रूप में मनाए जाने का भी उल्लेख मिलता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी दिन कामदेव और रति ने पहली बार मानव हृदय में प्रेम की भावना का संचार कर उन्हें चेतना प्रदान की थी, ताकि वे सौन्दर्य और प्रेम की भावनाओं को गहराई से समझ सकें। इस दिन रति पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि कामदेव ने बसंत ऋतु में ही पुष्प बाण चलाकर समाधिस्थ भगवान शिव का तप भंग करने का अपराध किया था, जिससे क्रोधित होकर उन्होंने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से कामदेव को भस्म कर दिया था। बाद में कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना और विलाप से द्रवित होकर भगवान शिव ने रति को आशीर्वाद दिया कि उसे श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में अपना पति पुनः प्राप्त होगा।

बसंत पंचमी' को गंगा का अवतरण दिवस भी माना जाता है। इसलिए धार्मिक दृष्टि से बसंत पंचमी के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व माना गया है। बसंत पंचमी को श्री पंचमी' भी कहा गया है। कहा जाता है कि इस दिन का स्वास्थ्य वर्षभर के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। अतः इस पर्व को स्वास्थ्यवर्धक एवं पापनाशक भी माना गया है।

## नजरिया

# राहुल की यात्रा भी नहीं दिला पाई 'न्याय'

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब न्याय यात्रा की शुरुआत की थी तो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि जब तक ये यात्रा खत्म होगी, तब तक उनकी पार्टी को एक के बाद एक झटके लग चुके होंगे। दरअसल, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए इंडिया गठबंधन बनाया, लेकिन चुनाव से पहले ही ये गठबंधन बिखरने लगा है। आलम ये है कि राहुल की न्याय यात्रा अभी खत्म भी नहीं हुई है और इंडिया गठबंधन को पांच राज्यों में अलग - अलग झटके लगे हैं।

इंडिया गठबंधन को सबसे पहला झटका तो पश्चिम बंगाल में लगा। एक वक्त भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के खिलाफ जोर-शोर से खड़ी होने वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन छोड़ने का फैसला किया। इसके बाद बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू एनडीए गठबंधन में ही शामिल हो गई। अगला मामला झारखंड रहा, जहां कांग्रेस की सहयोगी 'झारखंड मुक्ति मोर्चा' मुश्किलों का सामना कर रही है। न्याय यात्रा के आखिरी दौर का प्लान में क्या तब्दीली की गई है, अभी ये नहीं मालूम। लेकिन ये जरूर पता चला है कि उत्तर प्रदेश में यात्रा की अवधि में कटौती की जा रही है, जिसकी वजह जयंत चौधरी का इंडिया गठबंधन छोड़ कर एनडीए ज्वाइन करना माना जा रहा है।

असली कारण जो भी हो, लेकिन एक चीज देखने को तो मिल ही रही है, जब से राहुल गांधी ने ये यात्रा शुरू की है, इंडिया गठबंधन, विशेषकर कांग्रेस को झटके पर झटके और वो भी लगातार लग रहे हैं - आरएलडी नेता जयंत चौधरी और अशोक चव्हाण ने कांग्रेस छोड़कर ताजा-ताजा जख्म दिया है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन को एक और झटका देते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। यह घटनाक्रम महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा द्वारा सबसे पुरानी पार्टी छोड़ने के कुछ दिनों बाद आया है। सूत्रों के मुताबिक,भाजपा चव्हाण को राज्यसभा सीट की पेशकश कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि 10 से 12 विधायक भी चव्हाण के संपर्क में हैं और आने वाले समय में पाला बदल लेंगे। चव्हाण के अगले कदम के बारे में अटकलों के बीच, भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इंतजार करने और देखने के लिए कहा है कि देखो क्या होगा।

ऐसा लगता है जैसे राहुल गांधी की न्याय यात्रा भी इंडिया गठबंधन की गति को प्राप्त होने लगी है। जैसे इंडिया गठबंधन का सफर मंजिल की ओर बढ़ने से पहले ही लुढ़कने लगा है, भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी राजनीतिक राह भटकने लगी है - कांग्रेस के अकेले अकेले यात्रा निकालने को लेकर जेडीयू नेता तो पहले हमलावर थे ही, नीतीश कुमार तो अब भी खरी-खोटी सुनाते नहीं थक रहे हैं। बिहार विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण में नीतीश कुमार ने राहुल गांधी के साथ साथ लालू यादव को भी विपक्षी को लेकर अपने प्रयासों पर पानी फेर डालने की तोहमत मढ़ डाली।

हाल ही में आये एक सर्वे के नतीजों से भी मालूम हुआ कि न्याय यात्रा को लेकर लोगों में भी राहुल गांधी की पिछली भारत जोड़ो यात्रा जैसी दिलचस्पी नहीं है। सर्वे में शामिल 42 फीसदी लोगों का मानना था कि न्याय यात्रा से राहुल गांधी की छवि में कोई सुधार नहीं हुआ है। मतलब, राहुल गांधी की यात्रा का लोगों पर कोई असर नहीं हो रहा है। कम से कम भारत जोड़ो यात्रा के बारे में तो ऐसा नहीं कहा जा सकता।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफर में सबसे ज्यादा समय उत्तर प्रदेश के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन अब उसमें कटौती किये जाने की बात सामने आ रही है। उत्तरप्रदेश में राहुल गांधी को पहले 11 दिन गुजारने थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा - और इस बदलाव का सीधा असर पूरी न्याय यात्रा पर पड़ने वाला है यानी यात्रा 20 मार्च से पहले ही खत्म हो सकती है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को जल्दी समेटने की खबर ऐसे वक्त आई है जब राहुल गांधी राजनीतिक रूप से अति महत्वपूर्ण राज्य उत्तर में दाखिल होने वाले हैं। न्याय यात्रा के महीने भर होने वाले हैं, और अभी तक कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी यात्रा में शामिल नहीं हुई हैं, लेकिन बताते हैं कि वो 14 फरवरी को न्याय यात्रा में शामिल हो सकती हैं। राहुल गांधी ने 14 जनवरी को अपनी न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू की थी।

उत्तरप्रदेश में चंदौली के रास्ते 16 फरवरी को न्याय यात्रा दाखिल होगी, और अगले दिन यानी 17 फरवरी को राहुल गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे। शहर में 12 किलोमीटर की यात्रा के बाद राहुल गांधी भदोही रवाना हो जाएंगे। वाराणसी पहुंच कर वो काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे और लोगों को संबोधित भी करेंगे। राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में लखनऊ से अलीगढ़ होते हुए आगरा तक जाएंगे, लेकिन पश्चिम उत्तरप्रदेश में उसके आगे नहीं जाएंगे। बल्कि, आगरा से मध्य प्रदेश के लिए निकल जाएंगे। ऐसी खबरें है कि वहां तो बहुत कुछ खेला हो चूका है बाकी खेला उनका इंतजार कर रहा है। पश्चिम उत्तरप्रदेश को स्किप करने की वजह जयंत चौधरी का पाला बदलकर एनडीए में चला माना जा रहा है, लेकिन ये बात भी आसानी से हजम नहीं हो रही है। पहले न्याय यात्रा 80 लोक सभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश के 28 संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरने वाली थी। न्याय यात्रा के रूट में पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट वाराणसी, रायबरेली, अमेठी, इलाहाबाद, फूलपुर और लखनऊ के अलावा चंदौली, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़, हरदोई, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, संबल, अमरोहा, अलीगढ, बदायूं, बुलंदशहर और आगरा जैसे इलाके शामिल थे, लेकिन अब ये बदल सकता है।

कुछ दिन पहले उत्तरप्रदेश कांग्रेस के नेता अजय राय के नेतृत्व में दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व से मिले थे। अजय राय ने उत्तरप्रदेश में कांग्रेस की एक यात्रा भी निकाली थी, लेकिन राहुल गांधी या प्रियंका गांधी ने उस यात्रा में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जब न्याय यात्रा की घोषणा हुई और उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा वक्त दिये जाने की बात आई तो लगा, उत्तरप्रदेश कांग्रेस की यात्रा को इसी वजह से अहमियत नहीं मिली होगी, लेकिन अब क्या समझें जब न्याय यात्रा को भी छोटा किया जा रहा है। उत्तरप्रदेश कांग्रेस के नेताओं को राहुल गांधी तेलंगाना के नेताओं की मिसाल दे रहे थे। कह रहे थे तेलंगाना में कांग्रेस के एक से ज्यादा नेता मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते थे, और मेहनत की बदौलत उन्होंने खुद को साबित भी किया। राहुल गांधी के मुताबिक वैसे नेता उनको उत्तरप्रदेश में नजर नहीं आये। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ही तरह महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष भी राहुल गांधी के पसंदीदा नेताओं में शामिल हैं। नाना पटोले को लेकर जो राय महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं की है, तेलंगाना के पीसीसी चीफ रहते रेवंत रेड्डी को लेकर भी हुआ करती थी - तेलंगाना में तो सरकार बन गई, लेकिन महाराष्ट्र में उलटा असर नजर आ रहा है। सुनने में तो ये भी आ रहा है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के और भी नेता अशोक चव्हाण के दिखाये रास्ते पर चलने को तैयार हैं। और सर्वे में भाजपा -शिंदे-पवार गठबंधन के पिछड़ने के बाद तो ये संभावना और भी बढ़ गई है। राहुल गांधी अगर कांग्रेस पार्टी और चुनावी तैयारियों पर ध्यान देने के मकसद से न्याय यात्रा में कटौती कर रहे हैं तो बात और है, लेकिन न्याय यात्रा समय से पहले ही खत्म हो गई तो लोगों को न्याय कैसे मिलेगा, जिसे दिलाने का दावा राहुल गांधी के न्याय यात्रा कार्यक्रम में किया जा रहा था?

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# गंगा-यमुना के पवित्र जल, राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थर से बना है अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अबू धाबी/भाषा। गंगा और यमुना का पवित्र जल, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर, भारत से पत्थरों को लाने में इस्तेमाल किए लकड़ी के बक्सों से बना फर्नीचर- अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर देश के विभिन्न हिस्सों के योगदान से बना वास्तुकला का एक चमत्कार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को इस मंदिर का उदघाटन करेंगे। मंदिर के दोनों ओर गंगा और यमुना का पवित्र जल बह रहा है जिसे बड़े-बड़े कंटेनर में भारत से लाया गया है।

मंदिर प्राधिकारियों के अनुसार, जिस ओर गंगा का जल बहता है वहां पर एक घाट के आकार का एम्फीथिएटर बनाया गया है। इस ऐतिहासिक मंदिर के प्रमुख स्वयंसेवी विशाल पटेल ने कहा, इसके पीछे का विचार इसे वाराणसी के घाट की तरह दिखाना है जहां लोग बैठ सकें, ध्यान लगा सकें और उनके जहन में भारत में बने घाटों की यादें ताजा हो जाएं। जब पर्यटक अंदर आएंगे तो उन्हें जल की दो धाराएं दिखेंगी जो सांकेतिक रूप से भारत में गंगा और यमुना नदियों को दर्शाती हैं। 'त्रिवेणी' संगम बनाने के लिए मंदिर की संरचना से रोशनी की किरण आएगी जो सरस्वती नदी को दर्शाएगी। दुबई-अबू धाबी शेख जाएद हाइवे पर अल रहबा के समीप स्थित बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा निर्मित हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है। मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर पर उत्कृष्ट संगमरमर की नक्काशी है, जिसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है। मंदिर के लिए उत्तरी राजस्थान से अच्छी-खासी संख्या में गुलाबी बलुआ पत्थर अबू धाबी लाया गया है।

मंदिर स्थल पर खरीद और सामान की देखरेख करने वाले विशाल ब्रह्मभट्ट ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मंदिर के निर्माण के लिए 700 से अधिक कंटेनर में दो लाख घन फुट से अधिक 'पवित्र' पत्थर लाया गया है। उन्होंने कहा, गुलाबी बलुआ पत्थर भारत से लाया गया है। पत्थर पर नक्काशी वहां के मूर्तिकारों ने की है और इसे यहां के श्रमिकों ने लगाया है। इसके बाद कलाकारों ने यहां डिजाइन को अंतिम रूप दिया है। जिन लकड़ी के बक्सों और कंटेनर में पत्थरों को अबू धाबी लाया गया है, उनका मंदिर में फर्नीचर बनाने में इस्तेमाल किया गया है। बीएपीएस के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंध के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने कहा, मंदिर में प्रार्थना सभागार, कैफेटेरिया, सामुदायिक केंद्र आदि में रखा गया फर्नीचर पत्थरों को लाने में इस्तेमाल किए बक्सों और कंटेनर की लकड़ी से बनाया गया है। मंदिर के कोने-कोने में भारत का अंश है। इस मंदिर का निर्माण कार्य 2019 से चल रहा है। मंदिर के लिए जमीन संयुक्त अरब अमीरात ने दान में दी है। संयुक्त अरब अमीरात में तीन और हिंदू मंदिर हैं जो दुबई में स्थित हैं।प्रधानमंत्री मोदी आज से संयुक्त अरब अमीरात की दो दिवसीय यात्रा शुरू करेंगे। यह 2015 के बाद से इस खाड़ी देश की उनकी सातवीं और पिछले आठ महीने में तीसरी यात्रा है।

**भाटिया ने बताया कि इसके सबसे बड़े उदाहरणों में से एक बर दुबई में सबसे पुराना हिंदू मंदिर है, जो करीब 100 वर्ष प्राचीन और दुबई की सबसे पुरानी मस्जिद अल-फहिदी के सामने है। उन्होंने कहा, यह दो धर्मों के लोगों द्वारा शांति और सद्भाव के साथ एक ही समय पर प्रार्थना किए जाने का एक सटीक उदाहरण है।**

## दुबई का सबसे पुराना भारतीय परिवार और मंदिरों से इसका दशकों पुराना जुड़ाव

अबू धाबी में एक विशाल नए मंदिर के निर्माण को लेकर उत्साह के बीच, 100 वर्षों से अधिक समय से यहां रह रहे एक भारतीय परिवार ने दुबई में मंदिरों के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि इस खाड़ी देश में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मूल नागरिक और प्रवासी के बीच कोई अंतर नहीं किया जाता। दीपक भाटिया के दादा उत्तमचंदन भाटिया 1920 में दुबई पहुंचे थे। दीपक ने कहा, वह संयुक्त अरब अमीरात के तत्कालीन उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख राशिद बिन सईद अल मकतूम के साथ बड़े हुए और उनके बीच बहुत निकट दोस्ती रही। भाटिया दुबई में 'अंकल शॉप बिल्डिंग मटेरियल ट्रेडिंग' के प्रबंध निदेशक हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार दुबई में सबसे अधिक समय से रह रहा भारतीय परिवार है जो 104 साल से यहां है और उनके परिवार की चार पीढ़ियां खाड़ी देश में रही हैं। भाटिया ने बताया कि इसके सबसे बड़े उदाहरणों में से एक बर दुबई में सबसे पुराना हिंदू मंदिर है, जो करीब 100 वर्ष प्राचीन और दुबई की सबसे पुरानी मस्जिद अल-फहिदी के सामने है। उन्होंने कहा, यह दो धर्मों के लोगों द्वारा शांति और सद्भाव के साथ एक ही समय पर प्रार्थना किए जाने का एक सटीक उदाहरण है। भाटिया ने कहा, मेरे दिवंगत दादा और एक अन्य भारतीय दिवंगत धमनमल इस्सरदास ने इस मंदिर के लिए दिवंगत शेख राशिद बिन सईद अल मकतूम से जमीन लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और यह इस क्षेत्र का सबसे पुराना मंदिर बन गया।

# टूरिज्म मलेशिया ने वर्ष 2024 के लिए भारत में बिक्री मिशन की श्रृंखला की मेजबानी की

## एक साल के अंदर वीजा फ्री यात्रा के लिए प्रोत्साहन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। टूरिज्म मलेशिया ने हाल ही में 8 से 10 फरवरी तक मुंबई में हाल ही में आयोजित आउटबाउंड ट्रैवल मार्ट (ओटीएम) और आगामी दक्षिण एशिया यात्रा और पर्यटन सहित कई पर्यटन एक्सपो के माध्यम से भारतीय यात्रियों के प्रति अपनी प्रचार रणनीतियों को तेज कर रहा है। नई दिल्ली में एक्सचेंज 12 से 22 फरवरी तक निर्धारित है। ओटीएम में अपनी भागीदारी के अलावा, टूरिज्म मलेशिया ने मुंबई में एक खाद्य और संस्कृति प्रचार कार्यक्रम भी आयोजित किया, जो 5 से 11 फरवरी तक हुआ। इस आयोजन की सफलता के आधार पर, टूरिज्म मलेशिया अब पांच मुख्य शहरों में एक बिक्री मिशन का आयोजन कर रहा है। इसी के तहत बेंगलूरु में भी 12 से 22 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद होते हुए यह नई दिल्ली में भी आयोजित होगा। बेंगलूरु में इस मिशन का नेतृत्व मलेशिया पर्यटन के निदेशक रज़ादी अब्दुल रहीम, निदेशक बैठक एवं समर्थन प्रोत्साहन माइसेब मोहम्मद ईसा अब्दुल हलीम और एमएटीटीए के इनबाउंड और घरेलू उपाध्यक्ष गनीश रामा के साथ अन्य संगठनों ने मिलकर किया। इसमें दो राज्य पर्यटन निकाय, तीनएयरलाइंस, 14 होटल और रिसॉर्ट ऑपरेटर, 19 ट्रैवल एजेंट, छह उत्पाद मालिक और मलेशिया कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन ब्यूरो, जो पर्यटन, कला और संस्कृति मलेशिया मंत्रालय के तहत एक एजेंसी भी शामिल है।

यह बी2बी कार्यक्रम नेटवर्किंग को मजबूत करने और महत्वपूर्ण बाजार के साथ व्यापार के अवसरों को विकसित करने के लिए भारतीय समकक्षों के साथ बातचीत करने के लिए पर्यटन उत्पादों और सेवाओं के मलेशियाई विक्रेताओं को एक साथ लाता है। व्यवसाय मिलान सत्रों के अलावा, बैठक और प्रोत्साहन समूह (एमआईसीई), शादियों, गोल्फिंग और पारिवारिक मनोरंजक गतिविधियों जैसे अवकाश और विशिष्ट पर्यटन बाजारों पर ध्यान केंद्रित करने वाले सेमिनार और उत्पाद प्रस्तुतियाँ भी होंगी। बिक्री मिशन में संबंधित शहरों से 500 से अधिक ट्रैवल एजेंटों और टूर ऑपरेटरों के इकट्ठा होने की उम्मीद है। मजबूत आर्थिक संबंधों और सांस्कृतिक संबंधों के साथ भारत मलेशिया के लिए एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला बाजार है।

इस मिशन के तहत गत 1 दिसम्बर से आगामी 31 दिसम्बर तक तक मलेशिया में 30 दिनों के लिए प्रवास के लिए भारतीय नागरिकों पर सीधे प्रवेश की अनुमति है। यह घोषणा मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम दातो ने की थी। 'विजिट मलेशिया 2026' को बढ़ावा देने के लिए मंच के रूप में यह कार्यक्रम कार्य कर रहा है।

## पाकिस्तान में चुनाव के बाद की स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं गुतारेस : प्रवक्ता

संयुक्त राष्ट्र/भाषा। पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस देश में हालात पर ''बहुत करीबी'' नजर रख रहे हैं और उन्होंने प्राधिकारियों तथा नेताओं से हिंसा और ऐसे कदमों से बचने का अनुरोध किया है जो तनाव बढ़ा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को यहां नियमित संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। दुजारिक ने पाकिस्तान में पिछले सप्ताह हुए चुनाव के नतीजे पर महासचिव की प्रतिक्रिया पर एक सवाल पर कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि वह पाकिस्तान में चुनाव पर और फिर बाद की स्थिति पर बहुत बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## इमरान खान ने गठबंधन से इंकार किया

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को देश में किसी भी मुख्य राजनीतिक दल के साथ गठबंधन की सरकार बनाने के विचार को खारिज कर दिया और दावा किया कि काले धन को सफेद बनाने के काम में बड़े पैमाने पर लगे लोगों को सत्ता में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान(71) ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में संवाददाताओं से बात की। खान और उनकी पार्टी के कई सहयोगी कई मामलों में दोषसिद्धि को लेकर कई महीनों से जेल में बंद हैं।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों ने 266 सदस्यीय असेंबली में 101 सीटें जीती जिसमें से अधिकतर पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवार थे। अन्य पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 75 सीटें जीती और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 54 सीटों पर जीत हासिल की।

देश में गठबंधन सरकार अपरिहार्य प्रतीत होती है क्योंकि नेशनल असेंबली में किसी भी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन सकती है। शरीफ की पीएमएल-एन और पीपीपी के बीच दो दिनों से बातचीत चल रही है। वहीं, निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने पाले में लाने के लिए प्रयास चल रहे हैं और माना जा रहा है कि यह काम आसानी से हो जाएगा। खान ने कहा कि पीएमएल-एन, पीपीपी और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के साथ कोई बातचीत नहीं होगी लेकिन उन्होंने अन्य सभी पार्टियों और समूहों से संपर्क करने की इच्छा जताई है।

## सम्मान




झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने मंगलवार को झारखंड के दुमका के पास जामा में 'अबुआ आवास योजना' के तहत लोगों को सम्मानित करते हुए।

# निर्देशक नीरज पांडे की अगली फिल्म में अभिनय करेंगी सैयामी खेर

मुंबई/एजेन्सी



मुंबई। अभिनेत्री सैयामी खेर निर्देशक नीरज पांडे की आगामी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह प्रोजेक्ट एक महिला प्रधान विषय की खोज करने वाली एक लेखक-समर्थित भूमिका है, जो दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। यह नेटफ्लिक्स ऑरिजिनल फिल्म है। 'घूमर' में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद नीरज पांडे ने सैयामी को महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना। हिट सीरीज 'स्पेशल ऑप्स' में उनकी सफल साझेदारी ने आगामी सीजन में उनके एक साथ आने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, ''फिल्म की शूटिंग 15 फरवरी से शुरू होगी, प्रोडक्शन टीम 30 दिनों के शूटिंग शेड्यूल के लिए तैयार है, जिससे फिल्म समय पर पूरी होगी।'' ''वे पूरी फिल्म को एक बार में शूट करने की योजना बना रहे हैं। कोई ब्रेक नहीं होगा। यह नेटफ्लिक्स की ऑरिजिनल फिल्म होगी।'' सैयामी ने 2015 में तेलुगु फिल्म 'रे' से डेब्यू किया और राकेश ओमप्रकाश मेहरा की पंजाबी लोकगीत मिर्जा-साहिबां पर आधारित हिंदी फिल्म 'मिर्ज्या' में नजर आईं। 2020 में वह मयंक शर्मा की वेब सीरीज 'ब्रीथ' में अभिषेक बच्चन के साथ नजर आईं। 2021 में उन्होंने एक्शन फिल्म 'वाइल्ड डॉग' में नागार्जुन के साथ काम किया। 2023 में सैयामी आर बाल्की की 'घूमर' में नजर आईं।




## इथियोपिया के पांच बच्चों की नि:शुल्क कार्डियल सर्जरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


बेंगलूरु। यहां जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च ने मिडटाउन के सहयोग से सोमवार को इथियोपिया के पांच बच्चों की दिल की सर्जरी की है। इन सर्जरी की कुल लागत 7.5 लाख थी, जिसे रोटरी बेंगलूरु मिडटाउन के सदस्य बिमल देसाई ने वहन किया।

इससे जन्मजात हृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित बच्चे ठीक हो गए हैं। इथियोपिया से जन्मजात हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे बच्चे यहां इलाज के लिए आए थे। संस्था के दानदाताओं की मदद से दिल की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई।

## फिल्म 'लापता लेडीज' का दूसरा गाना 'सजनी' रिलीज

मुंबई/वार्ता

किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज का दूसरा गाना 'सजनी' रिलीज हो गया है। 'लापता लेडीज' का दूसरा गाना 'सजनी' रिलीज कर दिया गया है। 'लापता लेडीज' के इस गाने को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी है। वहीं, राम संपत ने इसे कंपोज्ड किया है और दिव्यनिधि शर्मा ने गाने के बोल लिखे हैं।यह एक मेलोडी सॉन्ग है। इसके गाने के शब्दों के साथ, यह गाना 'प्यार' की मीनिंग को बहुत ही अच्छे तरीके से बयां करते हुए नजर आता है। 'लापता लेडीज' कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है।



फिल्म लापता लेडीज में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन मुख्य भूमिका में हैं। जियो स्टूडियोज प्रस्तुत, 'लापता लेडीज' किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है।

# फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर होगी रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

विश्व रेडियो दिवस पर फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' के निर्माताओं ने घोषणा करते हुए कहा कि यह 21 मार्च को डिजिटल रूप से रिलीज होगी। तारीख का खुलासा एक मोशन पिक्चर के साथ किया गया, जिसमें मुख्य अभिनेत्री सारा अली खान की आवाज थी, जिसमें वह उषा बनकर एक गुप्त रेडियो के माध्यम से ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एकजुट होने का जोशपूर्ण आग्रह करती नजर आ रही है। कन्नन अय्यर द्वारा निर्देशित यह फिल्म दरब फारूकी और अय्यर द्वारा लिखी गई है। इसमें सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओ'नील और आनंद तिवारी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इमरान हाशमी इसमें एक विशेष भूमिका में हैं। 'ऐ वतन मेरे वतन' एक साहसी युवा लड़की के नेतृत्व में एक भूमिगत रेडियो स्टेशन के बारे में दिलचस्प कहानी बताती है,



जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की दिशा बदल दी।

स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की उल्लेखनीय यात्रा से प्रेरणा लेते हुए यह फिल्म प्रसिद्ध और गुमनाम दोनों नायकों को श्रद्धांजलि देती है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भारत के युवाओं की बहादुरी, देशभक्ति, बलिदान और दृढ़ता को भी दर्शाती है। ओरिजिनल्स इंडिया और साउथ ईस्ट एशिया प्राइम वीडियो की प्रमुख अपर्णा पुरोहित ने कहा, फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' सिर्फ एक फिल्म से कहीं अधिक है। यह उन असंख्य अदम्य नायकों को श्रद्धांजलि है, जिनके बलिदान ने भारत की स्वतंत्रता की राह को परिभाषित किया। कहानी ने हमारे साथ गहरा जुड़ाव पैदा किया और हमें सहज रूप से इसे जीवन में लाने की जरूरत महसूस हुई।''

यह फिल्म धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन है और इसका निर्माण करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने किया है। धर्माटिक एंटरटेनमेंट के करण जौहर ने कहा, दशकों से रेडियो जनता का मनोरंजन करने के एक माध्यम के रूप में विकसित हुआ है, जो बात का प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 'ऐ वतन मेरे वतन' देश को एकजुट करने और हर भारतीय के दिल में आग भड़काने और भारत छोड़ो आंदोलन को और बढ़ावा देने में रेडियो द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाता है। 'ऐ वतन मेरे वतन' का निर्माण एक सपना रहा है और मैं प्राइम के साथ इस यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।''

धर्माटिक एंटरटेनमेंट के अपूर्व मेहता ने कहा, फिल्म साहस, बलिदान, लचीलेपन और अपने देश के प्रति अटूट समर्पण की एक दिलचस्प कहानी है और जिसे हम दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। धर्माटिक एंटरटेनमेंट के सोमेन मिश्रा ने कहा, ऐ वतन मेरे वतन, मेरे लिए, सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक भावना है।'' विश्व रेडियो दिवस पर प्राइम वीडियो ने अपनी मूल फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' के विश्वव्यापी प्रीमियर की घोषणा की, जिसका प्रीमियर 21 मार्च को होगा। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की यह फिल्म करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित है

## 'सरफिरा' में नजर आएंगे अक्षय कुमार

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म 'सरफिरा' में काम करते नजर आयेंगे। अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में तमिल स्टारर सूर्या ने लीड रोल निभाया था।अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरफिरा' का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सरफिरा' का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, इतना बड़ा सपना देखों, वो तुम्हें पागल बुलाए! 'सरफिरा' सिनेमाघरों में 12 जुलाई, 2024 को रिलीज हो रही है।



RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के जेपी नगर स्थित रागीगुडा मंदिर के आसपास लाल-पीली चुनरी के परिधानों से सजी धजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर राजस्थानी संस्कृति की झलक बिखेरती हुई आगे बढ़ी रही थीं।

## कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने उप मुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया, अदालत के आदेश का इंतजार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच सीबीआई से अपने पास आने की संभावना के तहत एक मामला दर्ज किया है। इस समय मामले में सीबीआई जांच कर रही है।

कर्नाटक सरकार के मंत्रिमंडल ने पिछले साल नवंबर में शिवकुमार, जो कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष भी हैं, के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुकदमा चलाने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को मंजूरी देने के पिछली भाजपा सरकार के फैसले को यह कहते हुए वापस ले लिया था कि यह कानून के अनुरूप नहीं है। लोकायुक्त के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लोकायुक्त पुलिस को मामला सीबीआई से लोकायुक्त को स्थानांतरित होने का अनुमान है। हालांकि उन्होंने माना कि मंजूरी वापस लेने के राज्य सरकार के आदेश को सीबीआई ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

अधिकारी ने कहा, ''लोकायुक्त राज्य सरकार के आदेशों से बंधे हैं। राज्य सरकार के आदेश के अनुसार हमने मामला दर्ज कर लिया है। हम यह देखने के लिए अदालत के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं कि मामला हमें स्थानांतरित किया जाता है या नहीं।'' उन्होंने कहा कि फिलहाल मामले की जांच करने में लोकायुक्त पर कोई रोक नहीं है क्योंकि अदालत ने कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है।

## इसरो के पोलिक्स उपकरण ने वैज्ञानिक अवलोकन शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। एक्स-रे पोलरिमेट्री मिशन एक्सपोसेट पर मौजूद भारतीय एक्स-रे पोलरिमीटर (पोलिक्स) ने अपना वैज्ञानिक अवलोकन शुरू कर दिया है। एक जनवरी को इसकी शुरुआत की गई थी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को बताया कि क्रैब पल्सर की एक पल्स प्रोफाइल 15-18 जनवरी के दौरान पोलिक्स द्वारा किए गए अवलोकनों से उत्पन्न हुई है। चमकता तारा क्रैब पल्सर क्रैब नेबुला के केंद्र के पास रहता है और प्रति सेकंड लगभग 30 बार अपनी धुरी पर घूमता है।

पोलिक्स पेलोड को 10 जनवरी तक दो चरणों में सक्रिय किया गया था और प्रारंभिक स्कैन अवलोकन क्रैब पल्सर के आसपास आयोजित किए गए थे। इस संबंध में डेटा 15-18 जनवरी के दौरान एकत्र किया गया था और पुष्टि के लिए पूरी तरह से समीक्षा की गई थी। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि डेटा उम्मीदों के अनुरूप है। इसरो ने कहा, यह प्रारंभिक अवलोकन पोलिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो पल्सर, ब्लैक होल और अन्य खगोलीय स्रोतों के अध्ययन के लिए इसकी कार्यक्षमता को प्रदर्शित करता है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, ''इस ऊर्जा बैंड में डेटा की पेशकश करने वाले एकमात्र पेलोड के रूप में, पोलिक्स गहरी जानकारी प्रदान करने और खगोलीय एक्स-रे स्रोतों से जुड़ी भौतिक प्रक्रियाओं को समझने में योगदान देने के लिए तैयार है।''

पोलिक्स का डिजाइन और विकास रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु में एक्स-रे खगोल विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा किया गया था। यह उपकरण भारतीय उद्योग के सहयोग से स्वदेशी रूप से बनाया गया है।

## बीएचईएल को तीसरी तिमाही में 148.77 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 148.77 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में 42.28 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। बीएचईएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 5,599.63 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5,353.94 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका खर्च 5,320.84 करोड़ रुपये था जो चालू वित्त वर्ष में बढ़कर 5,816.87 करोड़ रुपये हो गया।

## राज्यसभा चुनाव : प्रवासियों को कांग्रेस का टिकट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश अभिषेक सिंघवी और एआईसीसी प्रवक्ता अजय माकन, इनमें से एक के राज्य विधानसभा से राज्यसभा के लिए कांग्रेस का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। इन दोनों के नामों की चर्चा राजनीतिक गलियारों में चल रही है। विधान सभा की चार राज्यसभा सीटों के लिए 27 फरवरी को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में संख्या बल के आधार पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के लिए तीन सीटें उपलब्ध होंगी।

### नए चेहरों को मिल सकता है मौका

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर उम्मीदवारों का चयन कर रही एआईसीसी के बारे में कहा जा रहा है कि वह नए लोगों को मौका देने के लिए तैयार है। उम्मीदवारों के चयन को लेकर बुधवार को सुबह एक उच्च स्तरीय बैठक होगी और एआईसीसी ने एक सीट दिल्ली के नेताओं के लिए आरक्षित की है और अन्य दो सीटें राज्य के लिए छोड़ दी हैं। देश के विभिन्न राज्यों से 56 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं और कई सीटें कांग्रेस के लिए उपलब्ध नहीं हैं। एक सीट एआईसीसी प्रमुखों के लिए है इस प्रकार एआईसीसी नेताओं को कर्नाटक से एक सीट भरने की अनुमति मिल गई। इन दोनों सीटों के लिए कई नाम सुनने में आए हैं, नासिर हुसैन, जीसी चंद्रशेखर और एल. हनुमंतैया, जो सेवानिवृत्त होने वाले हैं, ने फिर से टिकट की पैरवी की है, लेकिन पार्टी के वरिष्ठों द्वारा उन्हें मैदान में उतारने की संभावना नहीं है। एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के करीबी नासिर हुसैन इसी आधार पर टिकट की पैरवी कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली सूत्रों के मुताबिक, इस प्रयास को मान्यता मिलने की संभावना नहीं है।

इस बीच कई विधायकों ने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया से वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बीएल शंकर को राज्यसभा का टिकट देने का आग्रह किया है। राज्यसभा की तीन सीटों के लिए पैरवी के बाद मंगलवार को शहर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस के कार्यवाहक नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला बुधवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार से अहम चर्चा करेंगे। इन नेताओं द्वारा राज्यसभा की तीन सीटों के लिए उम्मीदवार कौन हों, इस पर चर्चा के बाद अनुशंसित सूची पार्टी नेताओं को भेजी जाएगी।






## सूर्यनारायण मंदिर की प्रतिष्ठा आज

# प्रतिष्ठा महोत्सव की शोभायात्रा में दिखा श्रद्धालुओं का विशेष उत्साह

## राजस्थानी वेशभूषा में भास्कर कलश यात्रा में शामिल हुई महिलाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जेपी नगर स्थित रागीगुडा मंदिर के आसपास लाल-पीली चुनरी के परिधानों से सजी धजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर राजस्थानी संस्कृति की झलक बिखेरती हुई आगे बढ़ी रही थीं। रथ पर विराजमान भगवान भास्कर की प्रतिमा शोभायात्रा का नेतृत्व कर रही थी। लाभार्थी सुनील-संतोष शर्मा आदि श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल थे। युवा वर्ग केरल के वाद्य यंत्रों पर थिरकते हुए शोभायात्रा में सूर्यनारायण भगवान का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण, बालाजी वेंकटेश व माता लक्ष्मी का रुप धर कर आए समाज के लोग मुख्य आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे। मौका था शहर के शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज के मुख्य आराध्य भगवान भुवन भास्कर के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सूर्यनारायण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का।

मंगलवार को सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत सुबह क्लासिपाल्यम स्थित शर्मा ट्रांसपोर्ट से वरघोड़ा की शुरुआत हुई जो जेपी नगर आदि प्रमुख मार्गों से होता हुआ सूर्य मंदिर पहुंचा। शोभायात्रा के मार्ग में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज की सोलह गोत्रों के लोगों ने अपनी-अपनी अलग अलग स्टाल लगाकर कलश यात्रा में शामिल लोगों को विविध प्रकार से आथित्य सत्कार करते हुए पेयजल व अल्पाहार उपलब्ध कराया। कलश यात्रा के सूर्य मंदिर पहुंचने पर लाभार्थी सुनील शर्मा, संतोष शर्मा एवं चंद्रा शर्मा ने कलश पूजन कर सभी का स्वागत किया। मंदिर परिसर जय भास्कर के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। मंदिर परिसर में नियमित रूप से श्रृंगेरी मठ के विद्वान पंडितों द्वारा यज्ञों में आहुतियां देते हुए अन्य अनुष्ठान सम्पन्न कराए। इस मौके तेजराज शर्मा, महेंद्र शर्मा, भंवरलाल, दानमल भोजक, रमेश शर्मा केजीएफ़., किशोर शर्मा, चेतन शर्मा, विजयकुमार शर्मा, बाबूलाल पांचेटिया, सत्यनारायण शर्मा, भूपेश कश्यप, बाबूलाल बेड़ा, राजेश शर्मा, संदीप शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, हुक्मीचंद, धर्मेश भोजक, अशोक शर्मा सहित पूरे भारत वर्ष से आए समाज के हजारों लोग उपस्थित थे। बुधवार को सुबह सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी तथा दर्शन व प्रसाद का आयोजन होगा। प्रात 9.15 बजे ध्वजारोहण व बधाई का कार्यक्रम होगा।



## जीतो के टेली सह जीएसटी प्रशिक्षण में लाभान्वित हो रहे हैं चालीस प्रशिक्षुक

### ईआईएमआर सेन्टर में हुआ तीसरे बैच का शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो)साउथ चेप्टर ने टेली प्राइम सह जीएसटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें चालीस सदस्यों ने तीन सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में भाग लिया । जीतो सेंटर फॉर एक्सीलेंस के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बसवनगुडी स्थित ईआईएमआर (एडूसेस्टा इंस्टीट्यूट फ़ॉर मैनेंजमेंट एंड रिसर्च सेन्टर) में हुआ।

जैन समाज के लोगों में आत्मनिर्भरता और कार्य-उन्नयन को बढावा देने के उद्देश्य से यह टेली प्राइम प्रशिक्षण संचालित होता रहा है। ईआईएमआर में सोमवार को शुरु हुए इस कार्यक्रम में जीतो साऊथ के चेयरमैन दिनेश बोहरा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण का हमें भरपूर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान के बल पर व्यक्ति जीवन में तरक्की और आत्म निर्भरता प्राप्त कर सकता है। संस्था के मुख्य सचिव दीपक श्रीश्रीमाल ने कहा कि व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक विकास प्राप्त करने के लिए विद्या प्राप्त करने की ललक होना ज़रूरी है। विद्या अर्जित करने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों से उन्होंने आग्रह किया कि वे न केवल नए विषय सीखें , बल्कि उसे अपने प्रोफेशन में इस्तेमाल भी करें। कार्यक्रम के संयोजक राजेश बोहरा ने बताया कि तीन सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के लिए एनआईसीटी के विशेषज्ञ प्रशिक्षण दे रहे है। प्रशिक्षण की समाप्ति पर विद्यार्थियों को टेली सह जीएसटी का प्रमाणीकरण पत्र मिल जाएगा।




## सिवांची महिलाओं ने 'रिश्तों की मधुरता' विषयक कार्यक्रम आयोजित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के सिवांची ओसवाल जैन महिला संघ के तत्वावधान में ' रिश्तों की मधुरता रिश्ता वही सोच नई' कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस युगल प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य था कि आज के पारिवारिक रिश्तों को प्रागाढ़ बनाना था। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता अरविंद जैन व बबिता रायसोनी ने कहा कि आज पारिवारिक रिश्तों में कहीं ना कहीं संवादहीनता, जिम्मेदारियां, सहनशीलता की कभी के कारण विशेषकर पति पत्नी के रिश्तों में दूरियां आ जा रहा है और जिसका गलत असर बच्चों पर पड़ रहा है। परिवार में रिश्तों को मधुर बनाए रखने के लिए पति पत्नी को परस्पर बातें सुननी चाहिए और समझ का परिचय देते हुए रिश्तों में मधुरता रखनी चाहिए। दोनों वक्ताओं ने अनेक गतिविधियों व अनुभव साझा करते हुए रिश्तों की नाजुकता पर प्रकाश डाला।

मंच संचालन उषा श्रीश्रीमाल ने किया। अध्यक्ष सीमा मेहता सभी प्रायोजक परिवार राजेंद्र छाजेड, विनय कानूंगा, वसंत चोपड़ा, तनसुखलाल गुलेच्छा, नीतिन चोरडिया, उत्तम मेहता, धीरज बाफना, अनिता छाजेड,संदीप बाफना, बाबूलाल भंसाली, भरत लूंकड, गौतम चौपड़ा,दोनों प्रशिक्षक, संघ के उपाध्यक्ष महेंद्र रांका, युवा मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र कांकरिया, शांतिनगर स्थानक के सचिव महावीर कानूंगा का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रीति चौरडिया ने दिया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट हेड्स डिंपल ओसवाल, नीतू गुलेच्छा, सहायता समिति सदस्य मीना रांका, अनीता लूंकड, हेमा चोपड़ा, ऊषा भंडारी, ललिता छाजेड़, रेखा मुनोत , शीतल चौपड़ा, निकिशा चौरडिया, डिंपल बागरेचा, गुलाब मेहता का योगदान रहा।

## मंत्र जाप के साथ मनाया जैन समणी सुयशनिधि का जन्मदिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु । जयगच्छीय जैन सन्त डॉ. पदमचन्द्र महाराज की शिष्या जैन समणी डॉ. सुयशनिधिजी का 39 वां जन्मदिवस नाहर कुंज में स्वाध्याय, जप-जाप अनुष्ठान के साथ मनाया गया। प्रात: आगमों का स्वाध्याय करवा कर डॉ. समणी ने भक्तगणों को आगम अध्ययन का महत्व समझाया। मध्याह्न 2.30 बजे से नवकार महामंत्र, चमत्कारी जय-जाप अनुष्ठान का आयोजन हुआ जिसमें त्रिशला बहु मंडल, राजाजीनगर एवं जेपीपी जैन महिला फाउण्डेशन, एलएन पुरम के सदस्याओं ने भक्ति पूर्वक जाप किया। तत्पश्चात् अमिता नाहर एवं सरला नाहर के वर्षीतप की त्रिशला बहु मण्डल ने गीत द्वारा अनुमोदना की। डॉ. समणी सुयशनिधि समणी सुयोगनिधि ने जेपीपी जैन महिला एवं फाउण्डेशन से जुडने की प्रेरणा दी। सम्पूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी बनेचंद, रेवन्तमल, राजेन्द्रकुमार नाहर परिवार रहे। दोनों मण्डलों को नाहर परिवार ने सहयोग राशि प्रदान कर उनकी गतिविधियों को आगे बढाने की बात कही। सरोज नाहर ने गीतिका द्वारा अपने भाव प्रस्तुत किये। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अनेक श्राविकाओं ने त्याग व्रत के प्रत्याख्यान ग्रहण किए।

### जयंती उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के काव्यश्री सेवा ट्रस्ट द्वारा जेसी रोड स्थितनयना सभागार में बालगंगाधरनाथ स्वामी का जयंती उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि महेन्द्र मुणोत आदि अन्य अतिथियों ने बालगंगाधरस्वामीजी के चित्र पुष्प अर्पित करके उनके योगदान को याद किया। इस उत्सव में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व योगासन की प्रस्तुति दी गई तथा कराटे स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत एवं ट्रस्ट की अध्यक्षा काव्यश्री एवं अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

## सेंथिल बालाजी ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कई महीनों तक बिना विभाग के मंत्री रहे वी. सेंथिल बालाजी ने एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर. एन. रवि ने इस संबंध में स्टालिन की सिफारिश स्वीकार कर ली है। राज्यपाल ने पहले बालाजी के मंत्रिमंडल में बने रहने का विरोध किया था।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com